संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 22 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 138 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुरुग्राम राहगिरी में साइकिल चलाते हुए।

## 2000 का नोट बदलने के लिए आईडी की जरूरत नहीं



टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

स्टेट बैंक ने रविवार को 2000 का नोट बदलने के लिए गाइड लाइन जारी की है। भारत के सबसे बड़े बैंक ने कहा कि नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। एक बार में 10 नोट बदले जा सकेंगे। स्टेट बैंक ने नोटिफिकेशन इसलिए जारी किया है, क्योंकि सोशल मीडिया पर नोट बदलने को लेकर अलग-अलग जानकारियां दी जा रही थीं। कहा जा रहा था कि नोट बदलने के लिए आधार जैसी कोई आईडी जरूरी होगी और फॉर्म भी भरना होगा। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट बंद करने का ऐलान किया। आरबीआई ने 30 सितंबर तक ऐसे नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है। बैंक ने यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा।

**सवाल: कहां से बदल सकते हैं ये 2 हजार के नोट?**
जवाब: आप अपनी पास की किसी भी बैंक की शाखा में जाकर ये नोट बदल सकते हैं।

**सवाल: मेरा बैंक अकाउंट नहीं है तो क्या मैं इसके बिना नोट बदल सकता हूं?**
जवाब: हां, आप किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर नोट बदल सकते हैं। उस बैंक में आपका अकाउंट हो ऐसा जरूरी नहीं है। आप सीधे काउंटर पर जाकर नोट बदल सकते हैं। वहीं अगर आपका उस बैंक में अकाउंट है तो आप ये रुपए अपने अकाउंट में जमा भी करा सकते हैं।

**सवाल: एक बार में कितने नोट बदल सकते हैं?**
**जवाब**: एक बार में 20,000 की सीमा तक 2000 के नोट बदलवा यानी दूसरे डिनॉमिनेशन में एक्सचेंज करवा सकते हैं। वहीं अगर आपका अकाउंट है तो आप कितने भी 2000 के नोट डिपॉजिट (अकाउंट में जमा) कर सकते हैं।

# विपक्ष को एकजुट करने की कवायद

### केजरीवाल को नीतीश का मिला साथ, केंद्र के अध्यादेश के खिलाफः विपक्ष साथ दे, 2024 में भाजपा खत्म हो जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक बार फिर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिले। एक महीने में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले 12 अप्रैल को दोनों मिले थे। नीतीश के साथ बिहार के डिप्टी सीएम और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी भी थे। नीतीश ने अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र के अध्यादेश को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा- एक चुनी हुई सरकार को दी गई शक्तियां कैसे छीनी जा सकती हैं? यह संविधान के खिलाफ है। हम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। हम देश के सभी विपक्षी दलों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।
केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार इस अध्यादेश को कानून बनाने के लिए राज्यसभा में लाती है तो विपक्ष हमारा साथ दे। विपक्ष एक साथ होगा तो 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा खत्म हो जाएगी।
उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश के विरोध में वे देशभर की विपक्षी पार्टियों से मिलकर समर्थन मांगेंगे। 23 मई को वे कोलकाता में ममता बनर्जी से मिलेंगे। 24 मई को मुंबई में उद्धव ठाकरे और 25 मई को मुंबई में ही शरद पवार से मिलेंगे। इसके बाद वे अन्य विपक्षी दलों से सिलसिलेवार मुलाकात करेंगे।



### सीएम केजरीवाल ने की थी प्रेसवार्ता

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अध्यादेश लाकर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को चुनौती दी है। उन्होंने बताया कि यह मामला कोर्ट में पांच मिनट भी नहीं टिकेगा। आम आदमी पार्टी की सरकार इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि वो दिल्ली में हर एक घर में जाएंगे और इस अध्यादेश के बारे में बताएंगे। साथ ही वो एक महारैली करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस बार लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता एक भी सीट पर जीत नहीं दिलाएगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि वो हर पार्टी से समर्थन मांगेंगे ताकि राज्यसभा में यह अध्यादेश पारित न हो।

**11 मई: सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा- दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करेंगे एलजी:** सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला दिया कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। 5 जजों की संविधान पीठ ने एक राय से कहा- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे।

### मिशन 2024

- **एक चुनी हुई सरकार को दी गई शक्तियां कैसे छीनी जा सकती हैं? यह संविधान के खिलाफ है: नीतीश**

**12 मई: केजरीवाल सरकार ने सर्विस सेक्रेटरी का ट्रांसफर किया, एलजी ने रोका:** सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के फैसले के एक दिन बाद ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सर्विस सेक्रेटरी आशीष मोरे को हटा दिया। दिल्ली सरकार का आरोप है कि एलजी ने इस फैसले पर रोक लगा दी है। एलजी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद ऐसा कर रहे हैं। यह कोर्ट के आदेश की अवमानना है। हालांकि बाद में एलजी ने फाइल पास कर दी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 7 दिन बाद केंद्र सरकार ने 19 मई को दिल्ली सरकार के अधिकारों पर अध्यादेश जारी कर दिया।



पापुआ न्यू गिनी में भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया।

## यूक्रेन के बखमुत पर रूसी कब्जा, पुतिन ने बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/कीव/मॉस्को**

**रूस की** प्राइवेट आर्मी- वैगनर ग्रुप ने दावा किया है कि उन्होंने यूक्रेन के बखमुत शहर पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अर्मी को बधाई दी है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- वहां कुछ नहीं बचा है, शहर पूरी तरह से तबाह हो चुका है। 20 मई को वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया था कि उन्होंने बखमुत कब्जा लिया है। हालांकि, तब यूक्रेन ने इस दावे को खारिज कर दिया था। अगस्त 2022 से इस शहर में रूसी और यूक्रेनी सेना के बीच लड़ाई जारी थी।

# पहलवानों के सपोर्ट में सर्वखाप महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिय/रोहतक**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ दिल्ली में धरने पर बैठे पहलवानों के हक में रविवार को हरियाणा में सर्वखाप महापंचायत हुई। रोहतक में महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर हुई इस महापंचायत में हरियाणा और यूपी के अलावा अन्य राज्यों के खाप प्रतिनिधि भी पहुंचे।

महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत के अलावा धरने पर बैठे पहलवान भी शामिल हुए। सुबह 11 बजे शुरू हुई महापंचायत शाम 4 बजे तक चली। इसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि पहलवानों के समर्थन में 23 मई को दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इंडिया गेट पर शाम पांच बजे निकाले जाने वाले इस कैंडल मार्च में देशभर के लोग पहुंचेंगे। 28 मई को नए संसद भवन में खापों की महिला महापंचायत होगी जिसमें देशभर से महिलाओं के अलावा खाप और किसान नेता भी पहुंचेंगी।

### आर-पार की लड़ाई

- **पहलवानों के समर्थन में 23 मई को दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला जाएगा: सर्वखाप महापंचायत**




# गृह मंत्री अनिल विज का ऑन द स्पॉट फैसला



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ऑन द स्पॉट फैसले लेने के लिए चर्चित है। जनता ने उनके समक्ष जब महेशनगर थाने में तैनात एक एएसआई की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत की तो उन्होंने तुरंत उसे लाइन हाजिर करने के दिशा-निर्देश अम्बाला एसपी को दिए। विज ने अपने आवास पर रविवार को भी प्रदेशभर से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।
जनसमस्याओं को सुनने के उपरांत वह विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में दौरे पर निकले। इस दौरान रामपुर में लोगों ने गृह मंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि क्षेत्र में ट्यूबवेल की तारे चोरी हो रही थी, लोगों ने चोर पकड़ पुलिस को सौंपा, लेकिन जांच अधिकारी एएसआई राकेश ने कार्रवाई नहीं की और उलटा ग्रामीणों से बदतमीजी से बात की। इसके अलावा अन्य घटनाएं भी ग्रामीणों ने बताई जिसपर तुरंत संज्ञान लेते हुए एएसआई को लाइन हाजिर करने के निर्देश गृह मंत्री अनिल विज ने दिए।
इसी प्रकार गांव चंदपुरा में गृह मंत्री अनिल विज को जनता ने बताया कि टांगरी नदी में खासकर रात्रि के समय धड़ल्ले से अवैध माइनिंग हो रही है। इसपर मंत्री विज ने मौके पर ही थाने के एसएचओ को बुलाया और फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि ह्लअवैध माइनिंग तुरंत प्रभाव से बंद होनी चाहिए, जितनी फोर्स चाहिए लगाओं और एक-एक को पकड़ अंदर डालोह्ल।

**पति का हाथ काटा कार्रवाई नहीं, मंत्री विज बोले थाने के एसएचओ से ह्लशाम तक आरोपी गिरफ्तार होना चाहिएह्व**

वहीं, रविवार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को गृह मंत्री अनिल विज ने सुना। कंबासी गांव की निवासी महिला ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उसके पति से झगड़ा कर उसका हाथ काट दिया। बराड़ा थाना पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। मंत्री अनिल विज ने बराड़ा थाने के एसएचओ को फोन पर फटकार लगाते हुए कहा कि ह्लआदमी का हाथ कट गया और तुम क्या कर रहे हो, शाम तक आरोपी गिरफ्तार होना चाहिएह्व। पिंजौर से आई महिला ने उसके साथ 20 लाख रुपए ठगी की शिकायत दी। उसने कहा कि डीलर ने जमीन दिलाने के नाम पर उनसे 20 लाख रुपए लिए, अब न तो जमीन की रजिस्टरी की न ही पैसे वापस दिए। मंत्री विज ने मामले में पंचकूला पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई के निर्देश दिए। पानीपत से आई आशा वर्करों ने उन्हें नौकरी से सीएमओ द्वारा टर्मिनेट करने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने मामले में जांच के निर्देश दिए।
इसी प्रकार गुरुग्राम निवासी महिला ने आरोपियों पर झूठा शपथ देकर रजिस्टरी कराने के आरोप लगाए, इस मामले की जांच के निर्देश गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर को मंत्री अनिल विज ने दिए। इसी तरह फतेहाबाद व्यक्ति ने परिवार सदस्य की हत्या मामले में छह वर्ष से कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। इसपर मंत्री विज ने एसपी फतेहाबाद को सख्त हिदायत देते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा रविवार विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष अपनी शिकायत रखी जिनपर कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए गए।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 483वी जयंती पर राजपूतों ने किया याद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**देश** के लिए त्याग व देश पर मर मिटने का जज्बा रखने व वीरता के लिए जाने जाएंगे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप। गुलशन चौहान। रविवार सोनीपत में दिल्ली रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक पर राजपूत समाज ने इकट्ठा होकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को याद किया वह उनके 483 वी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि की व उनको याद किया।
इस अवसर पर क्षत्रिय राजपूत महासभा के जिला के अध्यक्ष डॉक्टर गुलशन चौहान ने कहा कि वीर महाराणा प्रताप देश के प्रति प्यार रखना देश पर मर मिटने का जज्बा रखते थे भूखा रहकर भी उन्होंने देश के लिए अपनी लड़ाई को जारी रखा व एक अनोखी मिसाल पेश की। जंगलों में भूखा रहकर अंतिम समय तक देश के लिए लड़ते रहे और अपने देश के लिए देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिए महाराणा प्रताप को हमेशा याद रखा जाएगा महाराणा प्रताप के साथ-साथ उनके घोड़े चेतक को भी याद रखा जाएगा जिन्होंने अपने मालिक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर दम तोड़ा जब जब महाराणा प्रताप को याद किया जाएगा उनके घोड़े को उनके साथ याद किया जाएगा यही कारण है कि घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाती है। आने वाली पीढ़ियां कभी भी उनको भुला नहीं पाएंगे उनके त्याग वीरता और देश पर मर मिटने के जज्बा को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगे हमारे देश के नागरिकों को नेताओं को और अधिकारियों को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन से सीख ले कर अपने देश की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर जिला सोनीपत के क्षत्रिय राजपूत महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर गुलशन चौहान, पूर्व अध्यक्ष चरण सिंह चौहान, राजेश चौहान अटेरना कैलाश नबरदार मनाली, भगवत चौहान, अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासभा के प्रदेश प्रवक्ता फूल कुमार चौहान जाजल, रिंकू चौहान चौहान जोशी ,डॉक्टर अनिल चौहान जाखौली, संजय चौहान जाखौली, दीपक चौहान अटेरणा ,अरुण चौहान अटेरना नरेंद्र चौहान खेवड़ा, जोगिंदर चौहान , जयद्रथ चौहान मनौली, अरुण चौहान मनाली, बृजमोहन दहिसरा, इत्यादि क्षत्रिय राजपूत महासभा के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

**कभी भी उनको भुला नहीं पाएंगे उनके त्याग वीरता और देश पर मर मिटने के जज्बा को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगे**

# डी.ए.वी. स्कूल लुखी में महाराणा प्रताप जयंती मनाई



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लुखी में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें सभी छात्रों, स्टाफ सदस्यों एवं अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ तवंर जिला प्रधान इंजीनियरिंग एसोसिएशन कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। विद्यालय के प्रिंसिपल गजेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सौरभ तंवर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब ने महाराणा प्रताप द्वारा बताए गए समाज और राष्ट्र हित में कार्यों का अनुसरण करना चाहिए और सदैव जरूरतमंद और असहाय लोगों की सहायता करनी चाहिए।

# वॉलीबॉल चैंपियनशिप में रतिराम मेमोरियल स्कूल खुबड़ू ने मारी बाजी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** खुबड़ू गांव में स्थित रतिराम मैमोरियल स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप को अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निदेशक रविन्द्र धनखड़ व शिक्षकों ने स्वागत किया। धनखड़ ने बताया कि सोनीपत के 15 सेक्टर स्थित गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत में लड़के और लड़कियों की दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रतिराम मेमोरियल स्कूल का पहला मैच ज्योति विद्यापीठ सोनीपत के साथ हुआ। जिसमें रतिराम स्कूल ने 18-25 के अंतर से जीत प्राप्त की। दूसरा मैच प्रताप स्कूल खरखौदा के साथ हुआ। उसमें भी स्कूल की टीम विजयी रही। तीसरा मैच गेटवे इंटरनेशनल स्कूल सोनीपत के साथ हुआ जिसमें 11- 25 अंक से विजय प्राप्त की चौथे मैच में हिंदू विद्यापीठ सोनीपत को 13 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां पर रतिराम स्कूल की टीम व प्रताप स्कूल खरखौदा के बीच फाइनल मैच अत्यधिक रोमांचक रहा। रतिराम स्कूल ने 25 अंक प्राप्त किए।

# 'महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलकर सभ्य समाज की संरचना में सहयोग देने की जरूरत'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रविवार को गांधी नगर में कश्यप समाज सेवा समिति द्वारा कश्यप धर्मशाला में महर्षि कश्यप की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा नेता राजेन्द्र कौशिक, इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप व पूर्व विधायक रमेश कश्यप व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष सुशील कश्यप ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कश्यप समाज सेवा समिति के प्रधान एवं नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप व समिति के सदस्यों ने अतिथियों का फूल मालाओं व बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि महर्षि कश्यप का नाम महान सप्त ऋषियों में आता है। हम सभी को उनके द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलकर सभ्य समाज की संरचना में सहयोग देने की जरूरत है। तभी हम भावी पीढी को प्रेरक और अनुकरणीय सीख दे सकते हैं। बदलते परिवेश में देखा जाए तो हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति वर्तमान में भी हमारा मार्ग दर्शन कर रही है। राजेन्द्र कौशिक ने कहा कि अगर हमें अपने सामाजिक स्तर को अपेक्षाकृत बेहतर बनाना है तो अपने पूरखों और पूर्वजों द्वारा दिए गए संस्कारों और आदर्शवादी सोच के साथ आगे बढना होगा। सबसे पहले हमें अपनी संस्कृति में समाहित संस्कारों को स्वयं पर लागू करना होगा, तभी हम अन्य का प्रेरक मार्गदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र से सेवा, संस्कारों, मार्गदर्शन के साथ-साथ अध्यात्मवाद की प्रेरक सीख लेने की जरूरत है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष सुशील कश्यप ने कहा कि उन्हीं की कृपा से ही राजा नरवाहनदत्त चक्रवर्ती राजा की श्रेष्ठ पदवी प्राप्त कर सका। कश्यप समाज के गन्नौर अध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप अपने श्रेष्ठ गुणों, प्रताप एवं तप के बल पर श्रेष्ठतम महाविभूतियों में गिने जाते थे। महर्षि कश्यप सप्तर्षियों में प्रमुख माने गए। इस अवसर पर नपा अरुण त्यागी, नपा उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा, पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, सुशील कश्यप,सरपंच काजल कश्यप, पूर्व सरपंच सुखबीर कश्यप, रविदास मंदिर के प्रधान अहलावत, सेवानिवृत्त बीडीपीओ दरियाव सिंह कश्यप सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खेलों के माध्यम से शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है: देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** रविवार को स्पोर्ट्स क्लब की ओर से ओपन क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया, जिसमे मन्नत ग्रुप ऑफ़ होटल्स के चेयरमैन व समाजसेवी देवेंद्र कादियान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। यहाँ फाइनल मुकाबला बीसीएस क्रिकेट एकडेमी पट्टी कल्याणा व अंकुश इलेवन (रेबेल्स) के बीच खेला गया। बीसीएस क्रिकेट एकडेमी पट्टी कल्याणा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट पर 212 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकुश इलेवन (रेबेल्स) की टीम 15.1 ओवर में 90 रन पर आल आउट हो गई। बीसीएस क्रिकेट एकडेमी के खिलाड़ी मोहित को मैच में 42 बॉल पर 92 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मुख्यातिथि श्री देवेंद्र कादियान ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉपी एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। कादियान ने कहा कि खेलों के माध्यम से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। खेल से जुड़े अधिकांश लोगों की जीवन शैली बेहतरीन होती है। क्योंकि वह अनुशासन में रहना सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि युवा खेल को अपने करियर के रूप में भी चुन सकते हैं क्योंकि कुछ अरसे से खेलों के माध्यम से अच्छे करिअर का निर्माण होने लगा है। टूनामेंट के आयोजक विनोद भारद्वाज, विनोद खत्री व रिशु भारद्वाज ने मुख्यातिथि का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। इस दौरान महावीर शर्मा बजाना, जसबीर, नरेश, दयानंद, सुभाष आदि मौजूद रहे।

**बीसीएस क्रिकेट एकडेमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट पर 212 रन बनाए**

# भाजपा पार्टी की असली ताकत है उसके निष्ठावान व



**पानीपत,21 मई/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा भाजपा द्वारा रविवार को प्रदेश के सभी मंडलों की कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उसी के तहत रविवार को पानीपत ग्रामीण विधानसभा के तीनो मंडलों की बैठक हुई। बरसत रोड स्थित हर्ष गार्डन मे भाजपा बबैल मंडल, सेक्टर 6 स्थित कबीर धर्मशाला में बिचपडी मंडल और गांव सिवाह में सिवाह मंडल की कार्यकारिणी की बैठकें हुई, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचकर पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने सभी कार्यकताओं को संबोधित किया। वहीं विधायक महीपाल ढांडा ने कहा की भाजपा पार्टी की असली ताकत उसके निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी है। पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है और भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव भाजपा के पन्ना प्रमुखों के दम पर लड़ा जाएगा। भाजपा फिर से 300 प्लस सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार केंद्र में और हरियाणा में भी पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी । इन बैठकों में मेयर अवनीत कौर, जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया, अजमेर मलिक, दीपक सलूजा, कुलदीप कौशिक, कृष्ण आर्य, मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी, नरेंद्र बिंझौल व अर्जुन शर्मा, राजबीर मलिक,पवन राणा,अमित राणा,कपिल राणा,जसविंद्र चहल, सुरेंद्र जोगी, अतर सिंह प्रजापत, ग्रामीण हलके के विभिन्न गांवों के सरपंच, निगम पार्षदों सहित तीनो मंडलों के महामंत्री, शक्ति केन्द्र

# बढ़ती गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी: शांतनु



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से एडवाइजरी जारी करते हुए प्रदेश के लोगों को लू व गर्मी से बचाव करने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं व बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ गया है, ऐसे में सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा है कि तापमान बढ़ने के साथ ही लू एवं गर्मी लगने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर धूप में घूमने वाले लोगों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है कि पहले ही सावधानी बरती जाए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया है कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें।

# रक्तदान शिविर में युवा बढ़-चढ़कर के रक्तदान करें: कंवलजीत कौर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटाक माजरा मे सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर मे जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला सचिव व जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर व सेवा ट्रस्ट यूके के खण्ड कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सैनी ने की। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने उपस्थित युवाओं को आह्वान किया कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए । हर 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकते हैं, इस से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। जरूरत पडने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है उसको नया जीवनदान दे सकता है इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए।

# भारत विकास परिषद् की हरियाणा उत्तर प्रांतीय कार्यशाला का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भारत विकास परिषद् हरियाणा उत्तर प्रान्त की प्रान्तीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को गीता ज्ञान संस्थान के परिसर में कुरुक्षेत्र शाखा के द्वारा किया गया कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यातिथि परम पूज्य महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कार्यक्रम के अध्यक्ष व परिषद के क्षेत्रीय महासचिव राजकुमार अग्रवाल के कर कमलों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सविता सेठ द्वारा वन्देमातरम् का गायन किया गया। मंच का संचालन कार्यशाला के प्रांतिय संयोजक डॉ अशोक चौधरी और कुरुक्षेत्र शाखा के सचिव अतुल गोयल ने किया, कार्यशाला में उत्तर हरियाणा भारत विकास परिषद् की 48 शाखाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् का पाँच सूत्र सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण द्वारा भारत के कोने कोने में भारतीय संस्कृति का संदेश पहुंच रहा है जिससे आम जन सहित युवा पीढ़ी काफी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि भागवत गीता भी मानव सेवा का संदेश देती है सभी प्रबुद्ध जनों को गीता गीता का अध्ययन जरूर करना चाहिए। गीता में जीवन की हर समस्या के समाधान का वर्णन मिलता है क्षेत्रीय महासचिव उत्तर क्षेत्र -2 व कार्यक्रम के अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद् व सामाजिक संगठनों में कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी और आधारस्तंभ होते हैं। कार्यकर्ता का चयन, उसके निर्माण का वातावरण उपलब्ध करवाना और कार्यकर्ता के अंदर नेतृत्व के गुण किस माध्यम से विकसित किए जाए इस उद्देश्य के लिए ही कार्यशाला का आयोजन किया जाता है ताकि कार्यकर्ता जमीन से जुड़े और समाज कार्य करे।

# हरियाणा में आज से मनाया जाएगा सडक सुरक्षा सप्ताह: सीएम

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में आयोजित राहगीरी के दौरान की घोषणा, सडक सुरक्षा सप्ताह में सडकों से ब्लैक स्पॉट हटाने पर किया जाएगा काम और जागरुकता संबंधी गतिविधियों का होगा आयोजन,. मुख्यमंत्री ने की राहगीरी की प्रशंसा, गुरुग्राम से आरंभ होकर देश भर में लोकप्रिय हुआ कार्यक्रम, अब तक एक करोड़ 30 लाख बन चुके भागीदार**









**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/गुरूग्राम**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में आज से सडक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान सभी जिलों में सडकों के ब्लैक स्पॉट्स पर काम किया जाएगा और सडक सुरक्षा के प्रति जागरुकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर-79 में साउंट ओलंपस स्कूल के समीप आयोजित राहगीरी कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए की। मनोहर लाल ने राहगीरी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि करीब 9 वर्ष पहले गुरुग्राम से ही राहगीरी कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी जोकि अब पूरे देश में आयोजित हो रही है। हरियाणा के करनाल, रोहतक, हिसार, सिरसा, रेवाड़ी, पानीपत, रोहतक व झज्जर आदि जिलों में भी सफलतापूर्वक राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में अब तक एक करोड़ 30 लाख लोग भागीदार बन चुके हैं। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य समाज को सकारात्मक दिशा में लेकर चलना होता है। हर कार्यक्रम में अच्छी बातें लोगों को सीखने को मिल रही है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से अपनी ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था तो प्रदेश में उसी सकारात्मकता के साथ इस पर काम हुआ। जिसके चलते आज प्रदेश में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार आया। युवा शक्ति को प्रेरित करने के लिए सिरसा में ऐतिहासिक मैराथन, पानीपत में महिलाओं के लिए पिंकाथॉन व अन्य शहरों में भी ऐसे उल्लेखनीय आयोजन हुए है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचे जनसमूह से गुरुग्राम को अच्छा और सुंदर शहर बनाने के लिए योगदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश का विश्वस्तरीय शहर है और इस शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इस शहर में परिवहन के अत्याधुनिक साधन मेट्रो सेवा को विस्तार देने के लिए सरकार ने काम किया है। जिसके चलते पंचगांव, मानेसर, ग्लोबल सिटी, द्वारका एक्सप्रेस-वे आदि के साथ-साथ रेजांगला चौक से दिल्ली के द्वारका तक मैट्रो रेल लिंक स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने राहगीरी के आयोजन स्थल वाली सडक के दोनों ओर साइकिल व पैदल चलने वालों के लिए ट्रैक बनाने की भी घोषणा की।

**मुख्यमंत्री ने कुश्ती-कबड्डी में आजमाए हाथ:** राहगीरी कार्यक्रम में इस बार खेल-कूद से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष फोकस किया गया था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचते ही वॉक-साइकिल-रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद भी साइकिल पर सवार होकर मुख्य मंच तक पहुंचे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के बीच उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कबड्डी व कुश्ती के डेमो के दौरान मुख्यमंत्री ने खुद भी रेड डाली और पहलवानी के दांव-पेंच में हाथ आजमाए। उन्होंने उन्होंने बॉक्सिंग, गतका, रस्साकसी, बैडमिंटन आदि के खिलाड़ियों के बीच जाकर उनके साथ फोटो भी खिंचवाए।

### मनुष्य तू महान है गीत सुनाकर बटोरी जनसमूह की तालियां

**मुख्यमंत्री** ने राहगीरी कार्यक्रम में बनाए एक अलग मंच पर स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां भी देखी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी मंच पर आकर मनुष्य तू महान है गीत सुनाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री के साथ इस गीत को गुनगुनाया, मुख्यमंत्री के इस सरल स्वरूप पर दर्शक दीर्घा में देर तक तालियां बजती रही। इससे पहले राहगीरी में उपस्थित सेना के बैंड के बीच जाकर मुख्यमंत्री ने देशभक्ति पर आधारित धुन सुनते हुए टीम का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने सिविल डिफेंस की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के प्रदर्शन स्थल पर जाकर स्वयं भी मरीज को दी जाने वाली सीपीआर तकनीक के बारे में जानकारी ली।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सजा मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**राहगीरी** कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मनु भाकर, शिवानी कटारिया व दिव्यांशी सहित अनेक प्रेरक व्यक्ति विशेष तौर पर पहुंचे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के समन्वय से सरकारी व निजी विद्यालयों की टीमों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देसी रॉक स्टॉर एमडी ने ड्रग फ्री हरियाणा-जित दूध दही का खाणा आदि गीत सुनाकर कार्यक्रम में समा बांधे रखा। इस अवसर पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सोहना के विधायक संजय सिंह, मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर (कम्युनिटी पुलिसिंग एंड आउटरीच) पंकज नैन, मुख्यमंत्री के एडवाइजर (पब्लिक सेफ्टी) अनिल राव, उपायुक्त निशांत कुमार यादव और पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## हरियाणा खेती मासिक पत्रिका श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन

### मोटे अनाजों की नवीनतम जानकारी से पाठक होंगे लाभान्वित - काम्बोज



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
अंतर्राष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने हरियाणा खेती मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया। कुलपति ने बताया कि इस मई माह के विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी आदि के उत्पादन, महत्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के रूप में दी गई हैं , जिसका उद्देश्य सभी पाठकों को पोषक अनाजों व इनसे होने वाले फायदे से अवगत करवाना है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत देश के आह्वान पर हमारा देश अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत 1.8 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ मोटे अनाजों के लिए वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। हमारा उद्देश्य है कि मोटे अनाजों के उपयोग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर जन-आंदोलन का रूप देना है। पोषक अनाज एक महत्वपूर्ण खाद्य स्त्रोत है, लेकिन कुछ वर्षों से यह भोजन की थाली से लुप्त होने लगे हैं । ऐसे में समय की मांग है कि इन्हें भविष्य के लिए भोजन का हिस्सा बनाया जाए ताकि मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहे। कुलपति ने बताया कि रागी (फिंगर मिल्लेट) कैल्शियम व पोटेशियम का सबसे बेहतरीन स्त्रोत है वहीं चेन्ना (प्रोसो मिल्लेट) और कुटकी (लिटिल मिल्लेट) विटामिन बी-6, फास्फोरस, फाइबर तथा एमिनो एसिड से भरपूर होते हैं। कंगनी (फॉक्सटेल मिल्लेट) हमारी प्राचीन फसलों में से एक है तथा इसमें बीटा केरोटिन, विटामिन और खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह विशेष तौर पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए लाभप्रद है।

## दूकलां में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के भट्टूकलां क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार भट्टूकलां के प्रताप नगर निवासी 18 वर्षीय बलजीत हिसार के कॉलेज में पढ़ता था। काई साल पहले उसकी मां की मौत हो गई थी, जबकि चार साल पहले उसके पिता त्रिलोक सिंह की भी हादसे में जान चली गई थी। बलजीत अपनी बहन और दादी के साथ ही रह रहा था।

## हर वर्ग को संरक्षण देने को समर्पित मोदी सरकार के 9 साल: ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा रविवार को कलायत विधानसभा के तीन मंडल राजौंद, बालू व कलायत की मंडल कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुई। नगर पालिका भवन परिसर, राजौंद में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में पिछले नौ साल में हर वर्ग को सामाजिक संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नवजात से लेकर बुजुर्ग का ख्याल रखने से लेकर पारदर्शी व्यवस्था के जो प्रयास मोदी सरकार में हुए हैं, उससे देश की जनता का भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा मजबूत हुआ है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि 30 मई को देश की भाजपा सरकार को नौ साल पूरे होने जा रहे हैं। हम सभी कार्यकताओं को अगले एक महीने तक घर-घर, जन-जन तक पहुंचना है और जनता में भरोसा बढाने वाली योजनाओं के बारे में महासंपर्क अभियान चलाना है। कमलेश ढांडा ने कहा कि तीन तलाक कानून को खत्म करके मुस्लिम बहनों को सामाजिक आजादी दिलाने का काम हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म करके अखंड भारत के सपने को साकार किया जाना पिछले नौ साल में भाजपा की सबसे बडी उपलब्धि में से है। उन्होंने बताया कि किसानों को खेती में मदद मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि चलाते हुए प्रदेश में तकरीबन 20 लाख किसानों को 4200 करोड रूपए सीधे खाते में भेजे गए हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से प्रदेश में आज 90 लाख आर्थिक रूप से पिछडे परिवार के खाते खोलते हुए 2 लाख रूपए दुर्घटना बीमा का संरक्षण प्रदान किया है।

## भिवानी: गर्मी ने बिगड़ा सब्जी का गणित

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
मई माह जाते-जाते पारा भी बढने लगा है। गर्मी में किसानों की फसलों पर अधिक तापमान होने के कारण कीड़ा लगने लगा है। किसान परेशान हैं। अगर गर्मी यूं ही बढ़ती रही तो किसानों की सब्जी की फसल खराब होगी। जिस वजह से सब्जी और अधिक महंगी भी होगी। गर्मी में तापमान 40 के पार हो गया है। गर्मी अधिक होने के कारण किसान परेशान है, लेकिन कुछ किया भी नही जा सकता। किसान तो किसान मवेशी भी अधिक गर्मी के कारण परेशान है क्यंकि गर्मी अधिक होने के कारण पानी भी नही मिल पाता है। किसानों की माने तो गर्मी में उनकी फसल खराब होती जा रही है। किसान मंगेराम व करण की माने तो सब्जी की फसल खराब होती जा रही है। अधिक गर्मी की वजह से फसलों में कीड़े लगने लगे है।

## बेटे ने ही योजना बनाकर मां से 50 हजार छीने, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
अपराध शाखा-2 की टीम ने छीना छपटी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को रविवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस घटना में बेटा ही मां के साथ छीना-झपटी करने वाला निकला। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी वारदात की फिराक में हरनोल हाईवे पर घूम रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान हरनोल निवासी दीपक, बदनपुरी निवासी लवकुश को गिरफ्तार किया। हरनौल निवासी अनिल को 2 दिन पहले गिरफ्तार किया था जो रिमांड पर चल रहा था। तीनों आरोपितों को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि 16 मई को सिसौली निवासी एक महिला अपने बेटे सचिन के साथ हरनौल बैंक में 50 हजार रुपये निकलवाने गई थी। जैसे ही वें ससोली के पास आए तो बाइक सवार तीनों युवकों दीपक, लव-कुश और अनिल ने बाइक पर सवार होकर पीछे बैठी सचिन की मां से 50 हजार रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। इस मामले में आरोपी सचिन को वारदात के 3 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था और उसे जेल भेज दिया था। इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी सचिन ने ही अपने तीनों साथियों के साथ मिलकर योजना बनाई थी कि वह अपनी मां के साथ बैंक से पैसे निकलवाने के लिए जाएंगे और तीनों आरोपी इशारा पाते ही उसकी बाइक के पीछे बैठी मां से पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो जाएंगे। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर कार छीनी

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**ठेके पर** अपने साथी के साथ शराब खरीद रहे एक व्यक्ति पर बदमाशों ने हमला कर दिया और पिस्तौल के बल की नोक पर उनकी कार छीन कर फरार हो गए। घटना कस्बा पुंडरी के जांबा मोड की है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है पुलिस शराब के ठेके के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में शहर के हिंद सिनेमा कॉलोनी निवासी अंकित ने बताया कि वह टाटा एआईए में बतौर लीडर काम करता है। शनिवार की रात उसकी कंपनी के एजेंट प्रवीण धीमान के साथ जांबा मोड़ पर गए और ठेके से शराब खरीदने लगे।

## 'उग्रवाद व काले धन पर रोक लगाने के लिए की नोटबंदी रही पूर्ण रूप से असफल'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं विधायक किरण चौधरी ने कहा है कि सरकार ने कुछ वर्ष पहले नोटबंदी करते हुए कहा था नोटबंदी से उग्रवाद को होने वाली फंडिंग पर रोक लगेगी व काले धन पर भी रोक लगेगी। इसके बावजूद ऐसा कुछ नहीं हुआ और अब जनता को लाइनों में खड़ा करने के लिए सरकार ने फिर से 2000 का नोट बंद कर दिया है। किरण चौधरी रविवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अब जनता को दुखी करने के लिए फिर से लाइनों में लगने के फरमान सुना दिए गए। सरकार चाहती है कि जनता दुखी रहे, जनता को दुखी करने के लिए प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी, कभी कोई आईडी थोपकर जनता को दुखी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा नहीं मिल रहा, कभी किसानों को, कभी पुरानी पैंशन की मांग पर कर्मचारियों को, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर को, महिला खिलाड़ियों व सरपंचों को आंदोलन के लिए मजबूर किया जा रहा है और विरोध करने पर उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। किरण चौधरी ने कहा कि हमारे देश व प्रदेश की बेटियां ओलंपिक खेलों में मेडल लाकर देश का नाम रोशन करती है लेकिन शर्म की बात है कि आज उन महिला खिलाड़ियों को भी धरने पर बैठना पड़ रहा है। अपनी न्याय की मांग पर महिला खिलाड़ियों को सुप्रीम कोर्ट में जाना पड़ा, उसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। जब खिलाड़ी मेडल लेकर आते हैं तो राष्ट्रगान बजता है। देश का सीना चौड़ा हो जाता है। खिलाड़ी किसी एक जाति या राज्य के नहीं होते, वे भारत के खिलाड़ी हैं परंतु इनको किसी राज्य का या जाति का खिलाड़ी बनाया जा रहा है। कांग्रेस भवन आने से पूर्व किरण चौधरी आजाद नगर में अस्पताल की मांग पर चल रहे ध्रने पर भी पहुंची और उनकी मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आजाद नगर क्षेत्रवासियों की अस्पताल की मांग बिल्कुल जायज है। आजाद नगर की आबादी को देखते हुए सरकार को अधिकारियों के मकान बनाने की बजाय सरकारी अस्पताल बनाना चाहिए। तत्पश्चात कांग्रेस नेत्री तलवंडी राणा के ग्रामीणों द्वारा दिए जा रहे धरने पर भी पहुंची और उनका समर्थन किया।

## जन कल्याण की दिशा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की एक और अभिनव पहल

### मुख्यमंत्री ने कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा उदय का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
जन कल्याण की दिशा में हरियाणा सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज गुरुग्राम से एक ओर अभिनव पहल करते हुए कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा उदय का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को 1 जून, 2023 से पूरे राज्य में क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने और जिला प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और जनता के बीच बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के सेक्टर 79 में आयोजित राहगीरी के मंच से हरियाणा उदय कार्यक्रम का कैलेंडर जारी करने के उपरांत कहा कि इस आउटरीच कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर हम एक सुरक्षित और अधिक समावेशी समाज बना सकते हैं, जो अपने निवासियों की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी होगा। मनोहर लाल ने कहा कि अपने जिले के जनप्रतिनिधियों के रूप में आप सभी को एक सुरक्षित, सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने की दिशा में मिलकर काम करने और जनता के साथ संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिला उपायुक्त, पुलिस आयुक्त व पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम शुरू करेंगे।

**चीफ मिनिस्टर आउटरीच कार्यक्रम:** हरियाणा उदय के तहत चीफ मिनिस्टर आउटरीच कार्यक्रम के कैलेंडर में जून माह के दौरान स्ट्रांग/फिटमैन हरियाणा, गुरुग्राम में 3 दिवसीय महिला बाजार, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, जुलाई माह के दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए खेल प्रतियोगिताओं तथा फरीदाबाद में 3 दिवसीय महिला बाजार का आयोजन किया जाएगा।

**जिला आउटरीच कार्यक्रम:** कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिला उपायुक्त 1 जून, 2023 से अपने संबंधित जिलों में आउटरीच कार्यक्रम शुरू करेंगे। इन कार्यक्रमों में गांव जनसंवाद/क्षेत्र जन संवाद, जन भागीदारी के साथ तालाब की सफाई, स्कूलों/मोहल्ला स्पोर्ट्स लीग में संगीत, कला और कविता प्रतियोगिताएं, पौधारोपण अभियान, जिले के आईएएस व एचसीएस अधिकारियों द्वारा सप्ताह में एक बार गांवों में रात्रि प्रवास कार्यक्रम, युवा संसद/गांव संसद, स्वच्छ भारत अभियान, सफाई व विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुधार हेतू सरकारी स्कूलों को गोद लेना इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं।

**कम्युनिटी पुलिसिंग प्रोग्राम:** पुलिस आयुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा 1 जून, 2023 से अपने संबंधित जिलों में कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। कम्युनिटी पुलिसिंग प्रोग्राम के तहत राहगीरी, साइक्लोथॉन, गांवों में खेल प्रतियोगिताएं, नशीली दवाओं/नशे के दुरुपयोग के लिए जागरूकता अभियान, वृद्धजनों की देखभाल और पुलिस की पाठशाला इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस व्यापक कम्युनिटी पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## सबका साथ सबका विकास की नीतियों पर काम कर रही भाजपा: कंवरपाल



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
भाजपा जिला यमुनानगर के सभी 13 मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन सभी मंडलों में किया गया। इसी कड़ी के अंतर्गत रविवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के जगाधरी मंडल, छछरौली मंडल व प्रतापनगर मंडल की बैठकों में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शिरकत की। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा रहे। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के तीनों भाजपा मंडलों की बैठक की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके बैठक का शुभारंभ किया। इसके बाद अम्बाला लोकसभा से भाजपा सांसद रहे स्वर्गीय रतन लाल कटारिया को सभी भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडल जगाधरी,मंडल छछरौली व मंडल प्रतापनगर में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने दिवंगत सांसद रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज फ्लैश

### शहर के विकास में किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : ललित बत्रा



**सोनीपत:** बरसाती सीजन शुरू होने से पहले सोनीपत सांसद रमेश चंद्र कौशिक व पूर्व वाइस चेयरमैन हरियाणा ललित बत्रा ने वार्ड -1 में एक करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से सड़क व सीवर लाइन निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। पुर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा ने कहा माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के समान विकास कार्य चल रहे हैं , उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आगे भी शहर के विकास में किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा नेता ललित बत्रा ने कहा कि उनका हर संभव प्रयास रहता है कि सोनीपत में चल रहे विकास कार्यो में कोई देरी न हो और नागरिकों को हर सुविधा समय पर मिले , उन्होंने कहा कि हालांकि कई बार कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते विकास कार्यो में देरी हो जाती है लेकिन उनका हर संभव प्रयास रहता है कि सोनीपत शहर में चल रहे विकास कार्यो में देरी न हो , उन्होंने कहा कि इसीलिए वह सम्बंधित अधिकारियो के संपर्क में रहते हैं ताकि जहां जो दिक्कत आये उसे तरुंत दूर किया जा सके। इस अवसर पर निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी सहित जटवाड़ा के नंबरदार श्यामबीर तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने सांसद श्री रमेश चंद्र कौशिक जी व श्री ललित बत्रा जी का हार्दिक आभार प्रकट किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# जिला पुलिस ने बीती रात चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु बीती रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गश्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। इस दौरान नाकों से गुजरने वाले वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चैंकिग की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, सरायए ढाबों, अन्य ठहरने वाले स्थानों, बैंक के एटीएम व अन्य सार्वजनिक स्थलों की गहनता से चैंकिग की गई। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल के दिशा-निदेर्शानुसार स्पैशल नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन



को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। इसलिये आमजन इस तरह के अभियानों में पुलिस का सहयोग करें। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि जो अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं, वह काबू किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह सडक पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सडक पर होना आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है। नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी काफी सफलताएं हासिल की। एसपी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 48 स्थानों पर नाकाबन्दी की गई व 109 पुलिस पैट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई व अपने अपने एरिया में गश्त की गई। इस दौरान 1713 दो पहिया, चार पहिया, हल्के व भारी कमर्शियल वाहनों की गहनता से जांच की गई। यातायात के नियमों का पालन न करने वाले दस वाहनों के चालान किए गए।

उन्होंने बताया कि इस दौरान पशु क्रूरता अधिनियम 1954 के तहत एक गाड़ी में पशुओं को ठूंस-ठूंस कर भरकर ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक पिकअप गाड़ी व छह पशु बरामद किए गए। इस दौरान 119 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया और इस दौरान 44 संदिग्ध अजनबी व्यक्तियों की तसदीक हेतु स्ट्रेंजर रोल फॉर्म जारी किए गए। एसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाए जाते रहे हैं और भविष्य में भी चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि कोई भी नागरिक बिना किसी झिझक व भय के किसी भी समय पुलिस मदद के लिए संबंधित थाने, चौकी व जिला पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 से सहायता प्राप्त कर सकते हैं व आपको किसी भी तरह के अपराध की जानकारी है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## सुखबीर मलिक के तत्वाधान में लगाया गया रक्त शिविर कैंप

**पानीपत:** सावन कृपाल रूहानी मिशन राजेंद्र आश्रम सत्संग भवन मांडी की तरफ से आज एक ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पानीपत सुखबीर सिंह मलिक ने भाग लिया। यह रक्तदान शिविर पानीपत इसराना विधानसभा की मांडी गांव में लगाया गया। इस मे सुखबीर मलिक को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। इस रक्त शिविर में 80 से 85 लोगों ने रक्तदान किया। सुखबीर मलिक ने कहा इसराना विधानसभा के मांडी गांव के लोग बधाई के पात्र हैं जिन्होंने यह रक्तदान शिविर के आयोजन को पूरा समर्थन दिया। रक्तदान सबसे बड़ा दान है क्योंकि जिस ध्यान से किसी जीव की जान बचाई जा सके वह दान सबसे बड़ा दान होता है हम लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## जिला युवा उत्सव कार्यक्रम 27 मई को : रेनू सिलग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा युवा शक्ति से जन भागीदारी पर गम्भीर चर्चा के लिए एक दिवसीय जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आगामी 27 मई को पंडित चिरंजी लाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संजय भाटिया द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंच प्रण के संदेश का प्रचार–प्रसार कर आजादी का अमृत महोत्सव मनाना, भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के दौरान भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श और मूल्यों का प्रसार करना, जनता के बीच देश की विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी देना, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में देश के युवा कलाकारों, लेखकों, फोटोग्राफरों और वक्ताओं की एक बिरादरी बनाना एवं भारत द्वारा हाल ही के वर्षों में किये गये विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण देश में जिला, राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर किया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल चोरी करने व खरीदने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने व चोरी की मोटरसाइकिलों को खरीदने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा आरोपी अनवर पुत्र सतवीर वासी शू गर मिल कॉलोनी करनाल व राजेंद्र उर्फ मुकेश पुत्र रामजीत वासी दुर्गा कॉलोनी तरावड़ी जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित फूसगढ़ रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर



जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अनवर एक आदतन अपराधी है। नशा पूर्ति के लिए रुपए कमाने हेतु आरोपी मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। मोटरसाइकिल चोरी करने उपरांत आरोपी चोरीशुदा मोटरसाइकिल को गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी राजेंद्र उर्फ मुकेश को सस्ते दाम पर बेच देता है।

आरोपी अनवर ने खुलासा किया कि उसने मई माह में थाना शहर के एरिया में एक मोटरसाइकिल, दिसंबर 2022 में थाना शहर के एरिया से एक अन्य मोटरसाइकिल व अप्रैल 2022 में थाना तरावड़ी के एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी मोटरसाइकिल चोरी करने के पांच मामले दर्ज हैं। इनमें से कई मामलों में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा है। आरोपी अनवर के कब्जे से चोरीशुदा दो मोटरसाइकिल और आरोपी राजेंद्र उर्फ मुकेश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस प्रकार दोनों आरोपियों के कब्जे से तीनों मामलों की तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## मूनक नहर से मिला युवक का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत** में रिफाइनरी रोड के पास से गुजर रही मूनक नहर में एक युवक का शव मिला है। इस युवक की पहचान करनाल के खोरा खेड़ी गांव निवासी राहुल के रूप में हुई है। दरअसल युवक दो दिन पहले परिवार के दो युवकों के साथ नहाने गया था, जिसके बाद वह पानी में डूब गया था। तभी से ही उसकी तलाश की जा रही थी। शव को नहर से निकलवाकर पानीपत सिविल अस्पताल भिजवाया, जहां उसका पंचनामा भरवाकर शवगृह में रखवा दिया।

विक्रम ने बताया कि उसके चाचा का लडका 19 वर्षीय राहुल पुत्र



जगदीश 19 मई की सुबह करीब 11 बजे घर से परिवार के दो युवक अंकित और कर्ण के साथ नहर पर नहाने गया था। जिसके बाद दोपहर डेढ़ बजे अंकित और कर्ण घर पर आए और उन्होंने बताया कि राहुल नहर में डूब गया है। इसके बाद से परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह राहुल घर पर ही था। इसी दौरान वहां अंकित और कर्ण आ गए, जिन्होंने बहुत ज्यादा गर्मी होने की बात कहते हुए उसे नहर में नहाने की बात कही। हालांकि एक बार राहुल ने भी आनाकानी की। फिर भी उसने दोनों की बातों में आकर मन बना लिया। जब वह घर से नहर में नहाने की बात कहकर चलने लगा तो मां ने भी जाने से मना किया था, क्योंकि सभी जानते थे कि उसे तैरना नहीं आता था।

## जिले में नहीं मिला कोई नया कोरोना पॉजिटिव केस : सिविल सर्जन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना का कोई नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है, जबकि 4 व्यक्ति ठीक हुए हैं। जिले में अब तक 1091594 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 65 सैंपल लिए गए। कुल सैंपलों में से अब तक 50740 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 50126 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 10 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## महर्षि कश्यप जयंती समारोह 24 को : रामकुमार कश्यप



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने 24 मई को इंद्री की अनाज मंडी में महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव बसंत विहार, बागपत, टिकरी, टपराना, मंगलपुर दनियालपुर आदि का दौरा कर लोगों को निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 24 मई को इंद्री में आयोजित राज्यस्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में हरियाणा के होम एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के साथ-साथ प्रदेश के अन्य मंत्री गण भी शिरकत करेंगे।

विधायक ने कहा कि वह 24 मई को आयोजित होने वाली महर्षि कश्यप जयंती के लिए विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं और वे जिस गांव में जाते हैं, वहां पर महर्षि कश्यप जयंती को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह बना हुआ है। लोग उन्हें आश्वस्त कर रहे हैं कि महर्षि कश्यप जयंती समारोह में भारी संख्या में पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि जब तक हमें अपने महापुरूषों के इतिहास के बारे सही ज्ञान नहीं होगा, तब तक हमारे जीवन का उद्धार होना भी असंभव है। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करें। हमें अपने महापुरूषों के जीवन से बहुत ही कुछ सीखने को मिलता है और हमें महापुरुषों का जीवन एकता एवं भाईचारे की भावना से रहने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी समाज के महापुरूषों के जीवन एवं उनके इतिहास के बारे लोगों को समारोह आयोजित कर जानकारियां दी जा रही है और सभी महापुरूषों की जंयतियों को सरकार द्वारा अपने स्तर पर मनाया जाने लगा है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न गांव के कश्यप समाज के लोग गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## 'इच्छाओं पर नियंत्रण हासिल कर जीवन में शांति हासिल की जा सकती है'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
तप सम्राट हिमाचल रत्न जितेंद्र मुनि , ज्योतिष दिवाकर पूज्य गुरुदेव राजेश मुनि महाराज व प्रवचनकार रचित मुनि, मधुरगायक सुयांश मुनि महाराज,मधुरगायक तेजस मुनि ने एसएस जैन स्थानक में प्रवचन किये । इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग वहां मौजूद रहे। बता दें कि जैन मुनि सढोरा से पदविहार करते हुए मुलाना पहुंचे थे। रविवार की सुबह प्रवचन करते हुए जैन मुनि रचित ने कहा कि इच्छाओं पर नियंत्रण हासिल कर जीवन में शांति हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही अगर जुबान में मिठास हो दिमाग को ठंडा रखा जाए



तो भी मन को शांत रखा जा सकता है।वहीं उन्होंने कहा कि अहंकार के प्रभाव में आने से मनुष्य का विनाश निश्चित है। अहंकार के कारण मनुष्य का बुद्धि व विवेक समाप्त होजाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अहंकार का भाव नही लाना चाहिए। जैन मुनि ने कहा कि मनुष्य की सब से बड़ी कमजोरी उसका अहंकार होती है। अहंकार मनुष्य के लिए सब से बड़ा बाधक है। जो साधक विनम्र और ऋजु नही होता ,उसके लिए सत्य के दरवाजे नही खुलते। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की आर्षवाणी -धम्मो शुद्धस्थ चिट्ठई जो ऋजुता और विनम्रता की गुणवत्ता को उजागर करती है।वहीं प्रवचन के दौरान तप सम्राट हिमाचल रत्न जैन मुनि जितेंद्र व ज्योतिष दिवाकर पूज्य गुरुदेव राजेश मुनि ने मंगल पाठ सुनाया। मधुरगायक तेजस मुनि ने मधुर भजन सुना श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।

इस मौके पर एसएस जैन सभा प्रधान अशोक जैन, कोषाध्यक्ष राममुर्ति जैन , यशपाल मलिक, बनारसी दास, उमेश गोयल, मास्टर वेद प्रकाश, दिनेश गोयल, जगमोहन जैन,प्रवीन जैन,भूषण, केवल अरोड़ा,जयकुमार जैन, शंटी जैन, विशाल जैन, अभय जैन , नवीन जैन , पंकज गोयल सहित सर्व समाज के लोग व महिलाएं भी मौजूद रही।

## अधिवक्ताओं पर दर्ज एफआईआर का विवाद...

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने को लेकर उपजा विवाद, थमता नजर नहीं आ रहा है। जिला बार एसोसिएशन नारनौल के अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरक्त हैं तथा उनके समर्थन में तीन दिन से महेन्द्रगढ़ बार एसोसिएशन तथा एक दिन कनीना बार एसोसिएशन ने भी न्यायिक कार्य नहीं किया है। बीते रोज अधिवक्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध नारेबाजी करके, जिलाधीश को ज्ञापन दिया है।

अब नए घटनाक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ एडवोकेट ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, एसएचओ थाना शहर सुरेन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही रामकुमार, अधिवक्ता पर हमला करने वाले संदीप यादव घाटासेर व अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 166, 166ए, 211, 217, 218, 469, 120बी व धारा 66ई व 72 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए, थानाधिकारी, थाना शहर, नारनौल की विभागीय ईमेल पर शिकायत भेजी है। अधिवक्ता मनीष वशिष्ठ का कहना है कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एसएचओ, मुख्य सिपाही रामकुमार ने संदीप के साथ आपराधिक षड़यन्त्र में लिप्त होकर, उसे व उसके साथी अधिवक्ताओं को झूठे मुकदमें में फंसाने के लिए कानून के प्रावधानों का उल्लघंन किया है तथा अपने गलत कृत्य को छुपाने के लिए किसी कथित सीसीटीवी फुटेज को व्यापक स्तर पर वायरल किया है।

## उपनिषदों में है स्वस्थ जीवन का रहस्य : डॉ. रामचन्द्र

**इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के आईआईएचएस के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र ने केंद्रीय आर्य युवक परिषद्, नई दिल्ली द्वारा उपनिषदों में तत्त्वज्ञानद्ध विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता कहा कि उपनिषदों में जीवन निर्माण के वे मूल तत्त्व छिपे हुए हैं जिनके आधार पर अनादि काल से शिष्ट एवं मेधावी मानव का निर्माण होता रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में मुख्य रूप से ब्रह्म विद्या के लिए उपनिषद शब्द का प्रयोग होता है। वर्तमान समय में 11 प्रमुख उपनिषद प्राप्त होती हैं इनमें अभ्युदय एवं निश्श्रेयस तथा श्रेय एवं प्रेय मार्ग की बहुत ही संतुलित





व्याख्या प्राप्त होती है। इनके अध्ययन से व्यक्ति के क्लेश एवं तनाव पूरी तरह समाप्त हो जाते हैं तथा उत्साह एवं उमंग के संस्कार जीवन के अभिन्न अंग बन जाते हैं। डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि कि वस्तुतः उपनिषद हमें बताते हैं कि संसार को केवल बाहर नहीं देखना है अपितु इसके कण - कण में व्याप्त ईश्वर की उपस्थिति के साथ देखना है। यह दृष्टि व्यक्ति को संसार का स्वामी बनाती है। ईशोपनिषद् में कहा है कि परम सत्य का मुख स्वर्णमय पात्र से ढका हुआ है उसे हटाकर ही परम सत्य को देखा जा सकता है। आज का युवा संसार की प्रत्यक्ष चकाचौंध में ही उलझ जाता है उससे प्राप्त असफलता के कारण युवा पीढ़ी लगातार क्लेश, तनाव एवं निराशा ग्रस्त हो रही है। यह उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति में उपनिषदों के मूल्यवान संदेश को प्रमुखता से शामिल किया गया है। ऐतिहासिक रूप से आदि शंकराचार्य का भाष्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। स्वामी दयानन्द एवं स्वामी विवेकानन्द ने उपनिषदों के अध्ययन का प्रबल आह्वान किया है।

# संपादकीय

## मोदी बने जी-20 और जी-7 सहयोग के सूत्रधार

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। वैश्विक सम्मेलन में सर्वाधिक आकर्षण मोदी के प्रति होता है। ऐसा जापान के हिरोशिमा में भी हुआ। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। मोदी दोनों संगठनों के बीच सहयोग के सूत्रधार बने हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 और जी-7 के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक बनाया जा सकता है।

नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में खाद्य, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का आह्वान किया है। सुझाव दिया कि वैश्विक नेताओं को ऐसी समावेशी खाद्य प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे गरीब किसानों सहित सबसे कमजोर लोगों की रक्षा की जा सके। पोषण और पर्यावरण के हित में मोटे अनाज के उपयोग होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। विकासशील देशों की जरूरतों से प्रेरित विकास मॉडल होना चाहिए। परस्पर सहयोग से स्वास्थ्य सेवा,आरोग्य तथा खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। बड़ी बात यह है कि भारत जी-7 समूह का हिस्सा नहीं है। फिर भी भारत को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी लगातार चौथी बार जी-7 में शामिल हुए। जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, जी-7 समूह की स्थापना 1973 में की गई थी। इसका किसी भी देश में मुख्यालय नहीं है। यह ग्रुप मानवीय मूल्यों की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थक, समृद्धि और सतत विकास के सिद्धांत पर चलता है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 को नई दिशा मिल रही है। जी-7 के सदस्य भी भारत की इस भूमिका से प्रभावित है। नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं का वह लाभ उठाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी पर दुनिया को विश्वास है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना है। विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है। नरेन्द्र मोदी ने इसी चिंतन का उद्घोष जी-20 में भी किया है। अन्य देशों की सभ्यताओं के लिए यह विचार दुर्लभ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति वैश्विक दृष्टि में परिवर्तन आ चुका है । आज भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद और वैश्विक निर्धनता के विभिन्न पक्षों पर मोदी के सुझाव समाधान करने वाले हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम भारतीय दर्शन एवं भारतीय जीवन दृष्टि का प्राण तत्व है । भारतीय दृष्टि धरित्री को भूगोल मानने तक सीमित नहीं है। अपितु यह इसे मां के सदृश मानती है। इसी दृष्टि से भारत की जी-20 की अध्यक्षता को लिया गया। पूर्व में आर्थिक रूप से संपन्न रहे भारत की तस्वीर को वापस लाना होगा।

# जनता को विकास नहीं, मुफ्त रेवड़ियां चाहिए



अशोक भाटिया

> स्वाभाविक ही इस अंधी दौड़ में जो पार्टियां या व्यक्ति उसके विरोध में खड़ा होगा, वह आज के हल्ला बोल माहौल में गरीब विरोधी और पूंजीपतियों, कॉर्पोरेट का दलाल और समर्थक तक करार दिया जाएगा। गांधी जी ने कहा था कि मैं देश में किसी मुफ्तखोरी की अनुमति नहीं दे सकता। उनका स्पष्ट कहना था कि शारीरिक परिश्रम के बगैर किसी व्यक्ति को भोजन नहीं मिलना चाहिए। वास्तव में अगर गहराई से देखें तो राजनीतिक पार्टियों की मुफ्त दान संबंधी घोषणाओं और कदम देश के सामूहिक मानस को भिखारी बना देना है। जिस व्यक्ति, समाज और देश के अंदर यह भाव और व्यवहार नहीं है कि अपने समक्ष उत्पन्न कठिनाइयों, चुनौतियों को स्वयं के संकल्प और परिश्रम से निपटा जाएगा तो वह व्यक्ति, समाज और देश कभी सशक्त व स्वावलंबी नहीं हो सकता

**एक** ओर सुप्रीम कोर्ट चुनाव से पहले फ्री योजनाओं के खिलाफ इस याचिका पर विचार कर रहा है कि क्यों न फ्री का प्रलोभन देने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द कर दी जाए? दूसरी ओर कर्नाटक के चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक दल ऐसे ही कुत्सित प्रयासों में जुटे रहे है । कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और जद एस जैसे राजनीतिक दल मुफ्त वादों के जरिए चुनावी लोकतंत्र की नींव को हिलाने में लगे रहे । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसके पक्षधर रहे हैं कि चुनावों से पहले ह्यमुफ्त रेवड़ियांह्न के वादे करने पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। क्योंकि इसके मूल में जनता का हित नहीं, बल्कि कुत्सित राजनीतिक स्वार्थ ही छिपे हैं। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की ओर से की गई लोकलुभावन घोषणाएं राज्य की अर्थ व्यवस्था पर भारी पड़ सकती हैं। कर्नाटक बेशक अमीर राज्य है, फिर भी उसकी प्रतिबद्ध देनदारियां इतनी हैं कि चुनावी वादों के नाम पर खैरात बांटने की गुंजाइश बिल्कुल नहीं है। गौरतलब है कि पहले हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनाव परिणामों ने एक साथ कई बातों पर गंभीरता से विचार करने को बाध्य किया है। भारत के भविष्य की दृष्टि से इसमें एक प्रमुख मुद्दा है लोक कल्याणकारी कार्यों के नाम पर जनता को मुफ्त वस्तुएं और सेवाएं देने की घोषणाएं । अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने राजधानी दिल्ली में चुनावी विजयों की दृष्टि से इसका सर्वाधिक चतुर उपयोग किया है। इसे ही विस्तारित करते हुए पंजाब तक ले गए और वहां भी शानदार विजय का सेहरा उनकी पार्टी के सिर बंधा। यहां इन घोषणाओं और वायदों में विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि सब कुछ देश के सामने है। साफ दिख रहा था कि दूसरी पार्टियां भी धीरे-धीरे 'आप' का अनुसरण कर रही हैं। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने से लेकर राशन, बिजली सहित ऐसे वायदे किए जो अर्थव्यवस्था के लिए क्षतिकारक है। संयोग से उसे विजय प्राप्त हुई। कर्नाटक में उसने ज्यादा विस्तार किया है। यह तो नहीं कह सकते कि भाजपा इस दौड़ में बिल्कुल शामिल नहीं थी । किंतु पुरानी पेंशन योजना की मांग को पूरी दृढ़ता से उसने खारिज किया। भारत की



अर्थव्यवस्था और भविष्य की दृष्टि से यह बिल्कुल सही स्टैंड है। किंतु कर्नाटक में उसने भी कांग्रेस के समानांतर जनता को कुछ वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त देने की घोषणा की। हमारे देश के ज्यादातर नेता, एक्टिविस्ट, जिनको भारत राष्ट्र के भविष्य की कल्पना नहीं, जो बड़ी कल्पनायें नहीं करते, जो देश, मूल मुद्दों और आम लोगों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को समझने में सक्षम नहीं और उनका परिश्रमसाध्य समाधान नहीं दे पाते वे अपने को गरीब समर्थक साबित करने के लिए ऐसे ही राज्य द्वारा मुफ्त दान की प्रतिस्पर्धा में शामिल होते हैं। स्वाभाविक ही इस अंधी दौड़ में जो पार्टियां या व्यक्ति उसके विरोध में खड़ा होगा, वह आज के हल्ला बोल माहौल में गरीब विरोधी और पूंजीपतियों, कॉर्पोरेट का दलाल और समर्थक तक करार दिया जाएगा। गांधी जी ने कहा था कि मैं देश में किसी मुफ्तखोरी की अनुमति नहीं दे सकता। उनका स्पष्ट कहना था कि शारीरिक परिश्रम के बगैर किसी व्यक्ति को भोजन नहीं मिलना चाहिए। वास्तव में अगर गहराई से देखें तो राजनीतिक पार्टियों की मुफ्त दान संबंधी घोषणायें और कदम देश के सामूहिक मानस को भिखारी बना देना है। जिस व्यक्ति, समाज और देश के अंदर यह भाव और व्यवहार नहीं है कि अपने समक्ष उत्पन्न कठिनाइयों, चुनौतियों को स्वयं के संकल्प और परिश्रम से निपटा जाएगा तो वह व्यक्ति, समाज और देश कभी सशक्त व स्वाबलंबी नहीं हो सकता। एक बार समाज को अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की मुफ्तखोरी का स्वाद लग गया तो परिश्रम कर स्वयं को सक्षम बनाने का संस्कार नष्ट हो जाता है। उसमें उसका आत्मविश्वास भी खत्म हो जाता है। इस विचार और व्यवहार का प्रभाव देखिए कि जिनके के लिए कुछ किलो राशन, कुछ यूनिट बिजली या कुछ लीटर पानी का व्यय मायने नहीं रखता वह भी इससे प्रभावित होते हैं। कई चुनाव परिणामों विशेषकर दिल्ली, पंजाब आदि चुनाव परिणामों का निष्कर्ष तो यही है। वैसे भारत में मतदाताओं को रिझाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त दान का लंबा इतिहास है किंतु इसकी शुरूआत लोग दक्षिण के आंध्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों से मानते हैं। वहां मुफ्त चावल से लेकर कलर टीवी, केबल कनेक्शन, मोबाइल तक देने की घोषणाएं हुईं और दी गईं। केंद्र और राज्यों को आय के अनुरूप ही कल्याण और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए खर्च करना है। इस तरह के मुफ्त दान और एक वर्ग को खुश करने के लिए पेंशन आदि बढ़ाई तो उसका असर समूची अर्थव्यवस्था पर होता है और दूसरे समूह भी इसकी मांग करते हैं। इससे विकास की नीतियां और कार्यक्रम प्रभावित होते हैं और व्यवहार में आम लोगों के कल्याणकारी योजनाओं में भी कटौती करनी पड़ती है। तो राजनीतिक दलों के लिए भी लंबे समय तक के लिए यह लाभकारी नहीं हो सकता। लोगों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप सांस्कृतिक शैक्षणिक धार्मिक सामाजिक परिवेश सुरक्षा का वातावरण और विकास चाहिए, और न होने पर वह किसी पार्टी को सत्ता से हटा सकते हैं। एनटी रामाराव के नेतृत्व में ही तेलुगू देशम पार्टी की चुनाव में बुरी तरह पराजय हुई। अकाली दल ने भी पंजाब में लोगों को मुफ्त में काफी कुछ दिया, लेकिन यह उसकी सत्ता की स्थाई गारंटी नहीं बन सका। इसके विपरीत गुजरात में भाजपा लगातार 1995 से सत्ता में है। वहां के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी की मुफ्त घोषणाओं को स्वीकार नहीं किया। ये उदाहरण राजनीतिक दलों के लिए सीख होनी चाहिए। वास्तव में मुफ्त दान यानी फ्रीबीज से विजय चुनाव परिणामों का केवल एक पक्ष है। 2014 में देश ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को लोकसभा में पूर्ण बहुमत दिया, जिसकी कल्पना नहीं थी। उस समय भाजपा ने लोगों के खातों में नकदी पहुंचाने या मुफ्त दान की घोषणा नहीं की थी और न उससे लोगों को इसकी उम्मीद ही थी। देश का सामूहिक मानस भारत को दूसरे रूप में देखना चाहता था और मोदी मैं उसे अपनी कल्पना का प्रतिबिंब दिखा। हिमाचल या कर्नाटक की पराजय भाजपा के अंदरूनी कलह की परिणति थी। आखिर किसान सम्मान निधि, कोरोना काल से अब तक मुफ्त राशन सहित घोषणा पत्र में स्वयं कई मुफ्त वायदों के बावजूद उसे पराजय मिली तो कारणों की गहराई से समीक्षा करनी चाहिए। अगर शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व की तरह राज्य संगठन और सरकार अपने लक्ष्यों, विचार और योजनाओं के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता परिलक्षित करेंगे तो जनता नकार नहीं सकती। तात्कालिक परिस्थितियों में किन्ही कारणों से पराजय मिली तो फिर से वापसी भी हुई है। कई दूसरे दलों के साथ भी यही लागू होता है। अगर भाजपा जैसी पार्टियां भी इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाएंगी तो फिर अन्य दलों से उसके बीच कोई गुणात्मक अंतर नहीं रहेगा। सत्ता की दौड़ में शामिल कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र हम देख चुके हैं। भाजपा जैसी विचारधारा वाली पार्टी के मूल कार्यकर्ता और समर्थक उससे मुफ्तखोरी की अपेक्षा नहीं करते। इसकी बजाय अपनी मूल घोषणा पर सरकार और संगठन को प्रतिबद्धता के साथ सक्रिय रहते देखना चाहते हैं। किसी भी पार्टी के विचारवान समर्थक अपने जनप्रतिनिधियों और नेताओं से यही अपेक्षा रखते हैं। यहां तक की मुफ्त का लाभ उठाने वालों में भी ऐसे लोग मिल जाएंगे जो इसकी आलोचना करेंगे।

# कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा
बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।

चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं
सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला
सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा
चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का
सुनहरा सवेरा।

संजीव ठाकुर

# कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं

**संजीव ठाकुर**

**हमें** सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी।

# विचार

## सकारात्मकता से संकल्प विजय का

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

**वर्ष** २०२० के पहले त्रैमास में ही सदी में होने वाली महामारी कोरोना का आतंक दुनिया पर हावी होता चला गया . दुनिया घरो में लाक डाउन हो गई . कोरोना काल सदी की त्रासदी है . वर्तमान पीढ़ी के लिये यह न भूतो न भविष्यति वाली विचित्र स्थिति थी . आवागमन बाधित दुनियां में संपर्क के लिये इंटरनेट बड़ा सहारा बना . दूसरी कोरोना लहर के कठिन समय में मोबाइल की घंटी से भी किसी अप्रिय सूचना का भय सताने लगा था . अंततोगत्वा शासन और आम आदमी के समवेत प्रयासो की , जीवंतता की , सकारात्मकता का संघर्ष विजयी हुआ . रचनात्मकता नही रुकी . मानवीयता मुखरित हुई . कोरोना काल साहित्य के लिये भी एक सक्रिय रचनाकाल के रूप में जाना जायेगा . इस कालावधि में एकाकीपन से निपटने लेखन के जरिये लोगों ने अपनी भावाभिव्यक्ति की . इंटरनेट के माध्यम से फेसबुक , गूगल मीट , जूम जैसे संसाधनो के प्रयोग करते हुये ढ़ेर सारे आयोजन हुये . यू ट्यूब इन सबसे भरा हुआ है . विगत पच्चीस बरसों से दिल्ली एन सी आर में सक्रिय समाजसेवी संस्था दधीची देहदान समिति ने भी स्वस्फूर्त कोरोना से लड़ने का बीड़ा उठाकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये . जब आम आदमी विवशता में मन से टूट रहा था , सकारात्मकता के विस्तार की आवश्यकता को समझ कर एक आनलाइन व्याख्यानमाला आयोजित की गई . हमेशा से वैचारिक पृष्ठभुमि ही जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है . सकारात्मक विचार ही जीवन संबल बनते हैं . दस दिनो तक कोरोना की विषमता से निपटने के लिये जन सामान्य में मानसिक ऊर्जा का नव संचार मनीषियों के चिंतन पूर्ण वैचारिक संप्रेषण से संभव हुआ . आन लाइन व्याख्यान की तात्कालिक पहुंच भले ही दूर दूर तक होती है किन्तु वे शाश्वत संबोधन भी तब तक चिर जीवी संदर्भ नहीं बन पाते जब तक उन व्याख्यानो को पुस्तक का स्थाई स्वरूप न मिले . मंजु प्रभा जी ने यह जिम्मेदारी कुशलता पूर्वक उठाकर यह कृति "सकारात्मकता से संकल्प विजय का " प्रस्तुत की है .इस द्विभाषी पुस्तक में हिन्दी और अंग्रेजी में स्थाई महत्व की सामग्री चार खण्डो में संग्रहित है . पहले खण्ड में तत्कालीन उप राष्ट्रपति एम वैंकैया नायडू का देहदानियों के सम्मान उत्सव के अवसर पर संबोधन संपादित स्वरूप में शामिल है . उनका यह कहना महत्वपूर्ण है कि अंगदान से न केवल आप दूसरे के शरीर में जीवित बने रहते हैं बल्कि मानवता को भी जीवित रखते हैं . शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती जी ने अपने व्याख्यान में अशोक वाटिका में सीता जी के हतोत्साहित मन में सकारात्मकता के नव संचार करने वाले हनुमान जी के सीता जी से संवाद वाले प्रसंग की व्याख्या की है . मोहन भागवत जी ने अपने लेख में " सक्सेज इज नाट फाइनल , फेल्युअर इज नाट फेटल , द करेज टु कंटीन्यू इज द आनली थिंग दैट मैटर्स " की विशद व्याख्या की है . उन्होंने चर्चिल को उधृत किया है " वी आर नाट इंटरेस्टेड इन पासिबिलिटीज आफ डिफीट , दे डू नाट एक्जिस्ट " . अजीज प्रेम जी ने आव्हान किया है " कम टुगेदर एन्ड दू एवरी थिंग वी कैन " . उन्होने कहा कि " दि कंट्री मस्ट कम टुगेदर एज वन ." सदगुरु जग्गी वासुदेव जी ने विवेचना करते हुये बताया कि " दि प्राबलेम इज दैट वी आर मोर डेडीकेटेड टु आवर लाइफ स्टाइल देन अवर लाइफ इटसेल्फ " . उन्होनें समझाया कि " हाउ वी कैन बी पार्ट आफ द सोल्यूशन " .श्री श्री रविशंकर जी ने कहा कि इस वक्त हमें करनी होगी वही बात कि निर्बल के बल राम . ईश्वर पर विश्वास ही हमको मानसिक तनाव से दूर रखता है . उन्होंने बताया कि योग , प्राणायाम , ध्यान और समुचित आहार ही जीवन का सही रास्ता है .
साध्वी ॠतंभरा के कथन का सार था कि "शुभ कर्मो के बिना कभी भी हुआ नहीं निस्तारा ,जीत लिया जिसने मन उसने जीत लिया जग सारा , ५स दुनियां का सार एक है नित्य अबाध रवानी , अपनी राह बना लेता है , खुद ही बहता पानी " महंत संत ज्ञानदेव सिंह जी ने अपने व्यक्त्व्य में संदेश दिया "उठो जागो और अपने स्वरूप को पहचानो " .मुनि प्रमाण सागर जी ने मन को प्रबल बनाये रखने कासंदेश दिया उन्होने कहा कि तन की बीमारी को कभी भी मन पर हावी न होने दें।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## एक करोड़ रोजगार की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**प्रेम शर्मा**

**प्रदेश** में बेहतर कानून व्यवस्था और फरवरी में सम्पन्न हुए निवेशकों के तीन दिवसीय महाकुंभ का परिणाम दिखाई पड़ने लगा है। जिस तरह से निवेशकों के प्रति प्रदेश सरकार ने दरियादिली दिखाई है, प्रदेश में कानून व्यवस्था, सड़क परिवहन और ऊर्जा आदि के क्षेत्र में बेहतर महौल तैयार किया है उसका परिणाम आने वाले दिनों में धरातल पर दिखाई देगा। उत्तर प्रदेश एक करोड़ रोजगार के अवसर देने की और अग्रसर हो चुका है। प्रदेश के आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी और एटा में 4500 करोड़ के निरवेश के साथ लगभग 6000 रोजगार के अवसर धरातल पर फलीभूत होते दिखाई पड़ रहे है। पहली बार इन पॉच जिलों के प्रस्ताव 100 प्रतिशत आनलाइन प्रक्रिया के तहत स्वीकार किए जा चुके है। जैव ऊर्जा के क्षेत्र में यूपीनेडा ने सात निवेशकों के 325 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यही नही प्रदेश में पिछड़े जिलों में गिना जाने वाला चन्दौली जिला प्रदेश सरकार की बेहतरीन कार्यशैली के चलते निवेशकों के लिए सबसे अधिक निवेश करने वाला जिला बना गया है। चार निवेशकों द्वारा चन्दौली जिले में 7020 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। अमेठी में 4,761 करोड़ का निवेश करने वाली 30 इकाईयॉ तो पूर्वांचल में 20,189 करोड़ खर्च कर 65 इकाईया उघोग स्थापित करने को तैयार है। पश्चिमांचल में 12,051 करोड़ का निवेश के साथ 70 और मध्यांचल में 5200 करोड का निवेश कर 60 तो सबसे पिछड़े क्षेत्र बुन्देलखण्ड में 2872 करोड़ के निवेश के साथ चार इकाइयों की स्थापना अंतिम दौर पर है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इतना निवेश होने के बाद प्रदेश में दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर अगले तीन माह में फलीभूत हो जाएगे। वास्तव में देखा जाए तो उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने की कड़ी में राजधानी लखनऊ में आयोजित निवेशकों के तीन दिवसीय महाकुंभ में नया इतिहास लिखा जा चुका है। यूपीजीआइएस-23 के माध्यम से 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश न सिर्फ उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास दर को गति देगा बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का जरिया बन युवाओं के सपनों को भी साकार करेगा।

## कैसे-कैसे घाव

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कहते** हैं ऑफलाइन घावों के लिए ऑनलाइन दवाएँ काम नहीं करतीं। यहाँ दुनिया झक मारकर जी रही है। उनके लिए मरना-मारना बड़ी बात नहीं है। यहाँ लोग बाद में मरते हैं पहले आत्मा मरती है। आँखों में खुशियों की रौनक से अनजान कुछ लोग मोमबत्तियों की रैलियाँ निकालकर बड़े हमदर्द होने का दावा ठोकते फिरते हैं। यह दुनिया जैसी दिखती है, वैसी है नहीं और जैसी है नहीं, वैसी उसे देखने की कोशिश करते हैं। यहाँ चिता की आग से केवल बदन नहीं जलता, बल्कि उस पर कई मतलबी स्वानों का भोजन भी पकता है। एक ही आग के दो रूप झ्र कहीं सुख, कहीं दुख। ये आग लगाने वाले कहीं छिपकर बैठे हैं। छिप्पम छिपाई का खेल खेलने वाले भेष बदलकर हमारे, आपके, सबके बीच घूमते रहते हैं। अक्सर ऐसे लोग पेड़ के पत्तों और फलों में बगावत कर उसकी जड़ ही मिटा देते हैं। बनावटी हँसी के पीछे जहरीले मकसद का बाजार सजाते हैं। रोशनी से रोशनी छीनकर अंधेरे का सौगात देते हैं। ऐस लोगों को देखने के लिए केवल बाहर का नजारा देखने वाली आँखों की नहीं भीतर का घिनौना सच देखने वाली आँखों की भी जरूरत पड़ती है। छोटे लोग और छोटी सोच के लिए आँखें बड़ी करनी होंगी। बरखुरदार छोटी आँखों से बड़ी दुनिया नहीं देखी जाती। बड़ी दुनिया के लिए बड़ी आँखों की जरूरत पड़ती है। बंद दरवाजों के पीछे केवल सुख बसेरा नहीं करता, वहाँ दुख भी डेरा डाले रहता है। हर दरवाजे के पीछे आँसुओं की धारा बहती है। समझो तो आँसू हैं न समझो तो पानी की बूँदें। हर धारा की अपनी कहानी है। यह कहानी घर-घर की है। गहराइयाँ केवल समुंदर की ही नहीं होती। कुछ गहराइयों को नापने के लिए टेप की नहीं जिंदादिल धड़कने वाले दिल की जरूरत होती है। वह क्या है न कि दुनिया में ऊपर देखकर चलने वालों की जमात बढ़ती जा रही है। ऐसी जमात अक्सर रिश्ते नातों की गहराइयों में डूबने से डरती हैं। बचती हैं। छिपती हैं। घबराती हैं। सकपकाती हैं। उन्हें डर है कि कहीं भावनाओं की संतति का जन्म न हो जाए! रुपए-पैसों के पीछे दौड़ने वाले पैरों को लकवा न मार जाए! बेशर्म होकर कमाई दौलत को शर्म की आड़ में रहकर कौन मूर्ख गंवाना चाहेगा!

# सैंकड़ों युवाओं ने थामा हजपा का दामन





**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** हरियाणा जनचेतना पार्टी कार्यालय, माडल टाऊन अम्बाला शहर में रविवार को शहर की मेयर व हजपा की वरिष्ठ नेत्री शक्तिरानी शर्मा के समक्ष विनीत भाई व उनके बेटे रूद्र भाई के नेतृत्व वार्ड नंबर 5 से बलवंत राय व उनके साथी सैंकड़ों युवाओं ने रविवार को पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर हजपा का दामन थामा। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने आए हुए सभी युवाओं का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विनीत भाई व उनके बेटे रूद्र भाई ने कहा कि आज अम्बाला का युवा पढ़े-लिखा होने के बावजूद रोजगार के अभाव में इधर-उधर भटक रहा है तथा अम्बाला का अधिकतर युवा रोजगार की तलाश में अपनी जन्मभूमि को छोड़कर विदेशों की ओर रुख कर रहा है। 2005 में जब पहली बार विनोद शर्मा जी अम्बाला के विधायक बने थे तो उसके उपरांत उन्होंने कहा था कि अब अम्बाला के युवाओं के साथ अन्याय सहन नहीं होगा और सरकारी नौकरियों में अम्बाला का हिस्सा कोई छिन नहीं सकेगा। उनकी जो कथनी थी वो उन्होंने करके दिखाई और अम्बाला में युवाओं को हजारों की तादाद में सरकारी नौकरियां भी मिलीं। शहर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, विनोद शर्मा ने शहर की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सब स्टेशनों का निर्माण करवाया, नहरी पेयजल से शहर में पीने के पानी की व्यवस्था की, अम्बाला के हर इलाके में सड़कों व नालियों का नवनिर्माण करवाया। विनीत भाई ने कहा कि शहर की कालोनियों में जो खाली प्लाट पड़े थे वहां सुंदर पार्कों का निर्माण करवाया। युवाओं के खेलने के लिए सैक्टर-10 के अंदर राजीव गांधी खेल परिसर का निर्माण करवाया। विनीत भाई ने कहा कि अम्बाला को आज एक मजबूत नेतृत्व की जरूरत है और विनोद शर्मा से मजबूत नेता अम्बाला में कोई नहीं है और विनोद शर्मा लोगों की पहली पसंद है। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने सभी युवा साथियों का हजपा में स्वागत करने के उपरांत कहा कि जो विश्वास आज आपने अपने नेता विनोद शर्मा की नीतियों व पार्टी में जताया है उसे हर हाल में निभाया जाएगा। आप सब आज से विनोद शर्मा जी के परिवार का हिस्सा हो तथा आपका पार्टी में वही सम्मान है जो पार्टी के पुराने साथियों का है। इस अवसर विनीत भाई उनके बेटे रूद्र भाई, वार्ड नं. 5 से बलवंत राय, राहुल, गुलजारी लाल, हैप्पी लिहारसा के पूर्व पंच रमेश कुमार, रमन, प्रिंस, जस्सी, जया राम,अरुण, देवेंद्र सिंह, कृष्णलाल, मंगत राम, जसबीर, पवन मेहता, निर्मल कुमार, सोनी कुमार, बलबीर, ओमकार, सिंदर देवी, प्रवीण देवी, कमलजीत, महेंद्र कौर, बिनौली, मनप्रीत, चमेली देवी, बिद्र कौर, सुनीता, मीता, गीता देवी, महेंद्रो रानी व अन्य मौजूद रहे।

# 51 किमी साइकिल यात्रा कर तिरंगा लगाने के बताये नियम



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**देश** की बेटियाँ भी अब तिरँगा लगाने के नियमो की जानकारी देने के लिए माँ भारती रक्तवाहिनी की मुहिम तिरँगा सम्मान संकल्प के तहत जागरूकता अभियान का हिस्सा बन रही है। साइकिल से गन्नौर पहुँच कर पर्यावरण बचाने का सन्देश देते हुए सोनीपत से स्केटिंग खिलाड़ी व कोंच अंशिका ने प्रेम गौतम के साथ सोनीपत से गन्नौर के बीच 51 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर तिरँगे के नियमो की जानकारी देते हुए बताया कि हमे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए और छतों पर लगे तिरँगे अगर खंडित है तो उन्हें नगर निगम में जमा करवाये या हमारी टीम को जमा करें। इतनी कम उम्र में अंशिका के इस कदम की तारीफ की जा रही है। माँ भारती रक्तवाहिनी से प्रेम गौतम ने जानकारी दी कि सँस्था की इस मुहिम के तहत 3500 से अधिक खंडित तिरँगे उतारे जा चुके है जोकि रोहतक , बहादुरगढ , दिल्ली व सोनीपत में निरंतर जारी है और फाजिलपुर गाँव को खंडित तिरंगों से मुक्त भी किया है। हम सब को अपने घर की छतों पर या दुकानों पर लगे खंडित तिरंगों को देखना चाहिए कही वो बदहाल अवस्था मे तो नही है।

## न्यूज फ्लैश

## युवाओं को खेलों में भाग लेकर अपना भविष्य बनाना चाहिए: संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा में चल रही स्पार्टन फाइट क्लब द्वारा शहर के पालिका बाजार में बैटल ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की वि खिलाड़ियों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया व प्रतियोगिता का समापन लाडवा पुलिस थाना के सब इंस्पेक्टर विनय शर्मा व राजेन्द्र कुमार द्वारा करवाया गया।

मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि रिंग में युवाओं के साथ-साथ लड़कियों को भी उतरकर प्रतियोगिताओं को खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे की बजाय युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए। वहीं बैटल ऑफ वार व स्पार्टन फाइट क्लब के डायरेक्टर पंकज खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से व अफगानिस्तान से लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रोफेसनल व अमटुरे प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है, कृष्णा कामत मुंबई ने राम कुमार दिल्ली को , रिषभ मध्यप्रदेश ने भगतसिंह हरियाणा, गौरव चंडीगढ़ ने मणिपुर के खिलाड़ी कोजलिग को मणिपुर के खिलाफ गोरोबा ने शिवम दिल्ली को गुरप्रीत इंडिया ने अफगानिस्तान के खिलाड़ी मौहम्मद यूसव को हराया। वहीं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एयर फोर्स से रिटायर जसबीर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, राजू सरदार, सुमित चोपड़ा, स्वीटी भूल्लर, कोच गौरव मालिक, चमन लाल, कुलवंत वर्मा व करण आदि मौजूद थे।

## समाज की सुख समृद्धि और शांति के लिए भंडारे का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** गांव यारा की सैनी समाज धर्मशाला में कर्नल किशोरी लाल शर्मा ने सुख, शांति एवं स्मृद्धि के लिए भंडारे का आयोजन किया। यह जानकारी देते हुए अश्वनी शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पं. प्रदीप ने विधिवत्त रूप से यज्ञ में आहुतियां डलवाई। इस अवसर पर बनेश शर्मा प्रधान भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला, सतबीर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, जितेंद्र, मुकेश सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

## गौतम सोलर की साझेदारी में डॉ. चोपड़ा पैथ क्लिनिक ने दूसरा फ्री प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में स्थित पैथोलॉजी लैब डॉ. चोपड़ा पैथ क्लीनिक ने भारत के प्रमुख सोलर पैनल निमार्ता गौतम सोलर के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के साथ साझेदारी में शहर में अपना दूसरा फ्री प्रीवेंटिव हेल्थ चैकअप कैंप आयोजित किया। शिविर रविवार, 21 मई 2023 को क्लब हाउस, अजनारा इंटीग्रिटी में सुबह 6 बजे से 10 बजे तक लगाया गया था। शिविर में थायराइड प्रोफाइल, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, यूरिक एसिड और एचबीए1सी टेस्ट किए गए। कैंप में आए लोगों की बीपी की जांच की गई और उन्हें फ्री कंसलटेंसी भी दी गई थी। इन शिविरों का उद्देश्य गाजियाबाद के लोगों को सस्ती और सुलभ हेल्थ चैकअप संबंधी सुविधा देना और बीमारियों के शुरूआती लक्षणों का पता लगाना है।

# पी .के.आर.जैन ने कबड्डी मैच में फहराया परचम



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पी.के.आर.जैन वाटिका के प्रांगण में 20 मई को कबड्डी मैच का आयोजन किया गया और इसमें वाटिका एक विजेता बनकर उभरा। विद्यार्थियों में खेल भावना को विकसित करने के लिए समय-समय पर अनेक खेलों का आयोजन किया जाता है विभिन्न विद्यालयों द्वारा इस में भाग लिया गया। बहुत ही जोरदार मुकाबला रहा। इसमें पी.के.आर.जैन वाटिका प्रथम रहा और तनेजा पब्लिक स्कूल दूसरे नंबर पर रहा । इस मुकाबले में कांटे की टक्कर रही। इसमें विजयी टीम को मैनेजर गौरव जैन और प्रधानाचार्या उमा शर्मा के द्वारा विजयी टीम को पदक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मैनेजिंग कमेटी के प्रधान धर्मपाल

**▶▶ विद्यार्थियों में खेल भावना को विकसित करने के लिए समय-समय पर अनेक खेलों का आयोजन किया**

जैन, उपप्रधान संजय जैन, सेक्रेटरी संजीव जैन ,ज्वाइंट सेक्रेट्री आशीष जैन, मैनेजर गौरव जैन, संयोजक मनीष जैन , कैशियर पंकज जैन और प्रचार्या उमा शर्मा जीप्रधानाचार्या जी ने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
आज गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में एडवोकेट मनोज गोहाना प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस ने आधुनिक भारत के निर्माता, पंचायती राज एवं सूचना क्रांति के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा सादर नमन । मनोज गोहाना ने कहा आज ही के दिन आतंकवाद ने उन्हें हमसे छीन लिया था। वे भारत की राजनीति के दूरंदेश नेता थे। युवाओं को मताधिकार दिलाने वाले जिनकी उम्र 18 साल हो गई हो उनका अधिकार दिलाने में भी अहम भूमिका निभाने वाले, और आईटी व कंप्यूटर क्रांति के जनक, इस अवसर पर भीम जैन, राकेश जिंदल, सुरेंद्र जैन, मनोज सिंगला, राकेश जैन, प्रवीण गोयल, कुशल सिंगला, रिंकू जैन,नवीन कुमार, टिट्टू चुग, देवेंद्र धुराना, आनंद शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी से अपना बचाव करें- डॉ. कुलदीप



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
कई दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। चारों ओर चिलचिलाती गर्मी का कहर बरपा हुआ है। तपिश इतनी है कि लोग गर्मी से बचने के लिए मुहँ ढांप कर चलने, ठंडा पेयजल लेने के साथ जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलते हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को बचकर रहने की सलाह दी है। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान ने इन दिनों लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। तापमान बढ़ने की वजह से मौसम में बदलाव होना शुरू हो गया है जहां कुछ दिनों पहले सुबह व शाम में मौसम के अंदर ठंडक थी वही अब कुछ दिनों से गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। खासकर अब दोपहर के समय गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई है जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है घर से बाहर निकलने वालों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। वही जब लोगों से गर्मी को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बाहर निकलना काफी मुश्किल हो रहा है।

# 'अवैध रूप से विदेश भेजने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेन्ट व एजेंसियों से रहे सावधान'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** आजकल जिला अम्बाला सहित पूरे हरियाणा प्रदेश व अन्य प्रदेशों में भी लोगों द्वारा विदेश में रोजगार की चाह, शिक्षा, घूमने-फिरने व बसने के लिए विभिन्न विकसित देशों में जाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। अपनी इसी चाह को पूरा करने के लिए लोग लाखों रुपए खर्च करते हैं, जिसके कारण लोग कई बार प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेन्ट एवम एजेन्सियों के चंगुल में फँस जाते है और अपने जीवन की जमा पूंजी को बर्बाद कर बैठते है। अनाधिकृत ट्रेवल एजेन्ट एवम एजेन्सियों के माध्यम से अनाधिकृ तौर पर विदेश जाने की चाह में कई बार युवा विदेश तक नहीं पहुँच पाते है, या तो रास्ते में उनकी हत्या कर दी जाती है या प्रताड़ित कर उन्हें वापिस भेज दिया जाता है। हाल ही में ऐसी कई घटनाएँ सामने आ चुकी है, जिसके कारण कई घरों के चिराग बुझ चुके है। आमजन विशेषकर युवाओं से अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा ने कहा कि युवा शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेन्ट एवम एजेन्सियों से सावधान रहें। सरकार द्वारा अधिकृत किए गए ट्रेवल एजेन्ट एवम एजेन्सियों से ही विदेश जाने के लिए सम्पर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवम सचेत किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजैन्ट पंजीकृत नहीं होते है इसलिए ऐसे एजैन्टों से आमजन को सावधान व सतर्क रहने की जरूरत है।

# सैनी सभा के प्रधान बने बिशनदयाल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** रविवार को सैनी सभा नारनौल के चुनाव संपन्न हुए इस दौरान बिशनदयाल ने प्रधान, रोहताश ने उपप्रधान, भरत ने सचिव, निहाल ने महासचिव और कोषाध्यक्ष पद पर बलवंत ने जीत दर्ज की।
बिशनदयाल ने 55 वोट प्राप्त कर रामचंद्र को 5 वोटों से हराया। ? रामचंद्र को 50 व राम नरेश सैनी को 47 वोट प्राप्त हुए जबकि हरीश को 2 वोटों से संतोष करना पड़ा।
वही रोहतास ने 89 वोट प्राप्त किए जबकि मानसिंह सैनी कों 45 में मदन को 19 वोट मिले। भरत को 77 और राजेंद्र को क्षेत्र वोट प्राप्त हुए तथा 1 वोट रद्द हो गया।
महासचिव पद के लिए निहाल को 97 और जय सिंह को 57 वोट मिले कोषाध्यक्ष पद पर बलवंत ने 107 व कमल ने 47 वोट प्राप्त किए।

# 'देश व प्रदेश में जनता ने बनाया बदलाव का मन'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत विधायक वरुण चौधरी ने हल्के के गांव नगला,हरयोली,पसियाला,सबगा, पंजेल,बजीदपुर,दिनारपुर,हसनपुर, लंडा केसरी, लंगर छन्नी, हलदरी,गांव का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि देश व प्रदेश में जनता बदलाव का मन बना चुकी हैं, क्योंकि पिछले 9 साल में बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को निराश करने का काम किया है। विधायक ने कहा कि कर्नाटक के जनादेश ने दक्षिण से भारत में भाजपा को साफ करने का संकेत दे दिया है और जिस तरह कर्नाटक ने भाजपा नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है, उसी प्रकार देश व प्रदेश में भी बीजेपी को जनता सत्ता से बाहर कर अपना जनादेश देगी बस अब जनता चुनाव का इंतजार कर रही है,हरियाणा में भाजपा की कर्नाटक से भी बुरी हार होगी और कांग्रेस भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनता के अपमान से मुक्ति चाहती है।
उन्होंने कहा कि जो हरियाणा विकास में गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं में नंबर 1 पर माना जाता था,
जो आज भाजपा सरकार के समय में विकास में पिछड़कर 19वें स्थान पर पहुंच गया बेरोजगारी में नंबर 1 पर पहुंच गया। प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली पड़े हैं और जो भर्ती निकली को घोटाले की भेंट चढ़ गयी। पक्की भर्तियों को कौशल रोजगार निगम के जरिये कच्ची भर्ती में बदल दिया गया। प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ मान रही है। जबकि कांग्रेस सरकार के समय मे चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा 10 साल मुख्यमंत्री रहे लेकिन कोई भी वायदा ऐसा नहीं किया जो पूरा न किया हो।
विधायक ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अब इस जनविरोधी व जुमलेबाज बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल लें और जन-जन को इस सरकार का असली चेहरा दिखाने का काम करें।

# भारत रत्न राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की रखी थी नींव: धर्मपाल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व सांसद चौ. धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि देश के लोकप्रिय नेता, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्वर्गीय राजीव गांधी ने एक आधुनिक भारत की नींव रखी और आधुनिकता की छाप छोड़ी थी। ऐसे महापुरुष को कोटि कोटि नमन करते हैं। चौ. धर्मपाल सिंह मलिक ने सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पूर्व एचपीएसएसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जिला कांग्रेस भवन में पहुंचकर स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी जी को सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्हें डिजिटल इंडिया के वास्तुकार के रूप में भी भारतवर्ष के लोग कभी नहीं भुला सकते। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1989 में संविधान का 61 वां संशोधन करके अधिनियम पारित किया था, जिसके तहत मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई थी । जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं का श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करेंगे। आज युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस दौरान प्रेम नारायण गुप्ता, भलेराम जांगड़ा, कुलदीप दहिया, शीला आंतिल, राना मलिक, कृष्णा, रणदीप दहिया, कुलदीप देशवाल, सुलोचना रूद्रा, देवेंद्र कादियान, महेंद्र, प्रवीन सैनी, सुरेंद्र हैली, अमित निगम, महावीर, भूपेंद्र राठी, सूरज जैन, सुरेंद्र भारती, प्रवीन आंतिल, सुरेश भारद्वाज, डॉ राकेश नरवाल, बिन्नी भारद्वाज, डॉ सतबीर निर्माण, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, एडवोकेट कृष्ण मलिक, प्रेम रेलन, रवि कपूर, हरिप्रकाश मंडल, आंनद नैन, हरेंद्र सैनी, निर्मला पांचाल, राजेश दहिया, एडवोकेट मनीष सैनी, संदीप सूद, राजेंद्र, महेंद्र, आयुष, रणधीर सहित बड़ी तादाद में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# दिल्ली एनसीआर में शामिल सोनीपत में रैपिड रेल का बेसब्री से हो रहा इंतजार

## सोनीपत समाज पंचायत के बैनर तले शहर के विभिन्न सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिधि आज सांसद व विधायक से करेंगे मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
दिल्ली एनसीआर में शामिल सोनीपत में रैपिड रेल का बेसब्री से इंतजार हो रहा है । रैपिड रेल को लेकर सरकार व जनप्रतिनिधियों ने भी जिलेवासियों को सपने दिखाए थे , लेकिन वित्तीय बाधाओं की वजह से अब तक सोनीपत वासियों का सपना साकार नहीं हो पाया है । इस प्रोजेक्ट में देरी होने से लोगों में काफी रोष है । लोगों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में शामिल सोनीपत जिले के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है । इसी मुद्दे को लेकर रविवार को गुड़मंडी के नजदीक शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक सामूहिक बैठक सोनीपत समाज पंचायत के बैनर तले आयोजित हुई, जिसमें रैपिड रेल को सोनीपत तक लाने के लिए जोर-शोर से मांग उठाये गए ।इस बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि सोनीपत समाज पंचायत के बैनर तले शहर के विभिन्न सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिधि सोमवार सुबह 9 बजे सांसद रमेश कौशिक व उसके बाद विधायक सुरेंद्र पंवार मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौपेंगे। बैठक में डा. एसके शर्मा ने कहा कि दिल्ली -पानीपत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली , सोनीपत और पानीपत को जोड़ने वाला 103 किमी (64 मील) लंबा, सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोर स्वीकृत है । यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के चरण-1 के तहत नियोजित तीन रैपिड-रेल कॉरिडोर में से एक है। 160 किमी/घंटा की अधिकतम गति और 120 किमी/घंटा की औसत गति के साथ, सिस्टम का उपयोग करने वाले यात्री 65 मिनट में पानीपत और दिल्ली के बीच की दूरी को कवर करने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि सराय काले खां से लेकर पानीपत तक16 स्टेशन प्रस्तावित हैं । इसके अंतर्गत सोनीपत में कुंडली, केएमपी इंटरचेंज, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, मुरथल ,बरही व गन्नौर समेत कुल छह स्टेशन प्रस्तावित हैं । इसका डीपीआर दिसंबर 2020 से केंद्र सरकार के पास पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि अब इसका विस्तार करनाल तक भी प्रस्तावित है।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग कि है कि इस मामले में आने वाली तमाम वित्तीय बाधाओं को दूर कर इसका निर्माण कार्य जल शुरू किया जाए।
समाज सेवी संजय सिंगला ने कहा कि दिल्ली में मेट्रो शुरू होने के बाद से ही सोनीपत वासियों को उम्मीद थी कि इसका विस्तार सोनीपत तक भी होगा । बाद में इसकी जगह लोगों को इससे भी उन्नत रैपिड रेल का सपना दिखाया गया । लेकिन रैपिड रेल का जो कार्य 2017 में ही शुरू हो जाना चाहिए था वो बजट की कमी की वजह से अभी तक कागजों पर ही अटका पड़ा हुआ है । उन्होंने कहा कि रैपिड रेल आने से सोनीपत की विकास की गति काफी तेज हो जाएगी ।इसके बन जाने के बाद शायद सोनीपत भी गुडगांव एवं फरीदाबाद की तरह विकास की ऊंचाइयां छुएगा।

# ...बढ़ा टकराव तो अटकेगा विकास

## राजधानी दिल्ली का विकास एक बार फिर राजनीति की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है

**व्यवस्था**

● राजनिवास और केंद्रीय गृहमंत्रालय की तरफ रहेगी। ऐसा होने की सूरत में इसका असर सरकार के कामकाज पर पड़ेगा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**केंद्र सरकार** का अध्यादेश आने के बाद दिल्ली सरकार और नौकरशाही में टकराव ज्यादा बढ़ा तो सरकार न तो अधिकारियों से प्रशासनिक काम ले सकेगी और न ही आईएएस अधिकारी किसी काम करने में आगे आएंगे। इसकी जगह नौकरशाही की निगाह राजनिवास और केंद्रीय गृहमंत्रालय की तरफ रहेगी। ऐसा होने की सूरत में इसका असर सरकार के कामकाज और दिल्ली के विकास पर भी पड़ेगा। ऐसे में राजधानी दिल्ली का विकास एक बार फिर राजनीति की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। एक-दूसरे को सियासी पटखनी देने की चल रही मौजूदा खींचतान के बीच अब दिल्ली सरकार के सेवा विभाग भी अखाड़ा बन गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली की चुनी हुई सरकार के अधीन आए इस विभाग पर अध्यादेश के बाद अब उपराज्यपाल की सत्ता मजबूत हुई है। दिल्ली सरकार और नौकरशाही के बीच के टकराव पर असल मुसीबत विकास को लेकर है। दिल्ली सरकार के विभाग हों या एमसीडी इन दोनों को चलाने का जिम्मेदारी उन्हीं पर है। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश होने की वजह से कई विकास के काम की जिम्मेदारी और प्रशासनिक अधिकार केंद्र के पास है। लिहाजा, कुछ इलाकों को छोड़कर अन्य इलाकों जिसमें लुटियन की दिल्ली शामिल है में विकास बाधित नहीं होगा।

**तीखे हमलों के कारण केंद्र हुआ मजबूर :** दिल्ली सरकार की ओर से लगातार 'उकसाने' और केंद्र पर तीखे हमले किए जाने के कारण केंद्र सरकार वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति एवं स्थानांतरण के मामले देखने के लिए एक विशेष प्राधिकरण का गठन करने संबंधी अध्यादेश लाने पर मजबूर हुई। सूत्रों ने यह दावा किया। केंद्र सरकार ने दानिक्स (दिल्ली, अंडमान- निकोबार, लक्षद्वीप, दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली (सिविल) सेवा) कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश जारी किया। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली सरकार के आक्रामक प्रकृति वाले कदमों में से अधिकतर का मकसद केंद्र को उकसाना प्रतीत होता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित करते वक्त ही अवधारणा की गई थी स्पष्ट सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है और दिल्ली के प्रशासन पर नियंत्रण होने से राजधानी शहर में प्रभावी समन्वय और सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित होता है। सूत्रों ने कहा कि जब 1991 में दिल्ली को एक सांविधानिक संशोधन के जरिये राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) घोषित किया गया था, तो यह अवधारणा स्पष्ट कर दी गई थी कि चूंकि दिल्ली केंद्र सरकार की सीट है, दोहरी सत्ता एवं जिम्मेदारी नहीं हो सकती। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में राजनयिक मिशन और अंतरराष्ट्रीय संगठन हैं, ऐसे में केंद्र सरकार का नियंत्रण अन्य देशों की सरकारों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करता है और इन राजनयिक संस्थाओं के सुचारू कामकाज को संभव बनाता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में यही व्यवस्था है।

### फैसले से दिल्ली एक तरह से पूर्ण राज्य हो जाएगाः केंद्र

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि केंद्र सरकार पूरे देश के लोगों की ओर से प्रशासित होती है जिनकी पूरे देश की राजधानी के शासन में अहम और प्रमुख रुचि है।
उक्त फैसला भारत संघ के दिए गए उक्त तर्क की उपेक्षा करता है और यह मामले की जड़ तक जाता है क्योंकि यह भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि 41 सूची दो पर निर्णय के प्रश्न से गंभीर रूप से जुड़ा हुआ है। इसमें कहा गया कि यह एक अनूठी विशेषता है जिसे राजधानी के नौकरशाही बुनियादी ढांचे के लिए एक समग्र सांविधानिक, विधायी और प्रशासनिक तंत्र प्रदान करते समय ध्यान में रखा जाना था और उसी कारण से तर्कों के दौरान महत्वपूर्ण जोर दिया गया था। याचिका के अनुसार निर्णय एक विसंगति पैदा करता है, जिसमें अनुच्छेद 239एए (दिल्ली के संबंध में विशेष प्रावधान) के आधार पर संसद निर्विवाद रूप से विधायी वर्चस्व का आनंद लेती है, फिर भी जीएनसीटीडी (दिल्ली सरकार) के मंत्रियों की परिषद अब सर्वोच्चका र्यपालिका का आनंद लेगी। इसका प्रभावी रूप से अर्थ है कि कार्यकारी शक्तियों के संबंध में केंद्रशासित प्रदेश होने के बावजूद दिल्ली को एक राज्य का दर्जा दिया गया है जोकि वह एक पूर्ण राज्य नहीं है। नौ जजों की पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि 69वें संशोधन के बावजूद दिल्ली के लिए विधानसभा शुरू करने के बावजूद, दिल्ली का एनसीटी एक केंद्रशासित प्रदेश बना रहेगा।

# 'पहले जिन्हें बताते थे भ्रष्ट अब उनके साथ ही मिले..केजरीवालः बीजेपी

**लपेटे में सरकार**

● दिल्ली की स्थिति हास्यास्पद है। देश विदेश से दिल्ली छवि बनती है। 679 अध्यादेश 2014 तक संसद में आए हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली से भाजपा के सांसद और दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी, चांदनी चौक से सांसद डॉ हर्षवर्धन और रमेश बिधूड़ी ने रविवार को प्रेसवर्ता कर केजरीवाल सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जिन्हें भ्रष्टाचार की प्रतिमूर्ति मानते थे, लेकिन अब उनके साथ गलभइया करते हुए दिख रहे हैं। मनोज तिवारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के पुरानी लिस्ट और उस लिस्ट समीक्षा आज हम करेंगे। जिन-जिन को केजरीवाल भ्रष्ट बताते थे। अब उनके साथ मिल गए हैं। शरद पवार, पी. चिदंबरम, सुरेश कलमाडी, जग मोहन रेड्डी, लालू यादव जैसे लोगों को केजरीवाल भ्रष्टाचार की प्रतिमूर्ति मानते थे, लेकिन गलभईया करते हुए दिखे। कई लोगों ने केजरीवाल को किनारे करना शुरू कर दिया है। कर्नाटक में केजरीवाल को नहीं बुलाया गया। जो केजरीवाल से सटा है उसका कद घटा है।

**आज एलजी के प्रति सरकार कर रही है गलत व्यवहारः** डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, केजरीवाल के आने से पहले 20 साल से दिल्ली में सरकारें चली। ऐतिहासिक विकास के कार्य हुए। 20 साल में ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ जैसे आज एलजी के प्रति सरकार कर रही है। अंशु प्रकाश के साथ मैंने भारत सरकार में काम किया। वह बेहतर अधिकारी थे। नरेश कुमार भी बेहतर सीएस हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आते ही केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार की जांच कर रहे अधिकारियों को परेशान करने लगे।

**अफसरों की पोस्टिंग को लेकर नहीं है कोई नियम कानूनः** भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने कहा कि कोई नियम कानून अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर नहीं था । इसलिए अध्यादेश लाया गया। दिल्ली के प्रशासन में केंद्र का बहुत रोल है। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार कानून ला सकती है। भ्रष्टाचार का नियंत्रण अपने हाथ में लेकर काम कर रहे हैं केजरीवाल । राष्ट्रपति के अधिकार को चैंलेज नहीं किया जा सकता है। इस अध्यादेश के माध्यम से दिल्ली की व्यवस्था को ठीक करने का कार्य किया गया है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल खुद अपने घर में अधिकारियों को बुलाकर डराते धमकाते हैं।
अंशु प्रकाश के साथ यह किया गया था। आशीष मोरे को धमकाया गया ।
केजरीवाल के घोटालों की जांच करने वाले अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद डराया धमकाया गया। उस अधिकारी का ट्रांसफर करने का मतलब यही था कि घोटाला कितना बड़ा था।

### दिल्ली की स्थिति हास्यास्पदः सांसद

**वहीं**, रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की स्थिति हास्यास्पद है। देश विदेश से दिल्ली छवि बनती है। 679 अध्यादेश 2014 तक संसद में आए हैं। अपना इतिहास नीतिश कुमार और संजय सिंह राज्य सभा के सांसदों को सोचना पडेगा कि वह कौन सी मंडली के साथ जाना चाहते हैं। अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग का कोई नियम नहीं था इसलिए वह अध्यादेश लाया गया था।



उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के जीते हुए उम्मीदवारों से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की।

## यूपी निकाय चुनाव में जीते आप के उम्मीदवारों से मिले सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के जीते हुए उम्मीदवारों से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की। रविवार शाम को यूपी निकाय चुनाव में जीते हुए नगर पालिका चेयरमैन, पार्षदों और सभासदों से मुलाकात की है। आम आदमी पार्टी ने बताया कि यूपी निकाय चुनाव में 100 से ज्यादा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। अरविंद केजरीवाल ने सभी उम्मीदवारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं माफी चाहूंगा कि आपसे मिलने लखनऊ नहीं आ सका, क्योंकि दिल्ली में आजकल प्रधानमंत्री ने कुछ ज्यादा ही उठा-पटक कर रखी है। उन्होंने सभी को जीतने पर बधाई दी।

# 'देश के इतिहास में पहली बार जेल जाएगा कोई मुख्यमंत्री..'

**सीएम निशाने पर...**

● इस देश के इतिहास में पहली बार किसी दिन कोई निर्वाचित मुख्यमंत्री 8-10 दिनों के लिए जेल जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** अधिकारों को लेकर उपराज्यपाल और आम आदमी पार्टी सरकार के बीच 'जंग' थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला अधिकारियों की ट्रासफर-पोस्टिंग के अधिकार से जुड़ा है। इस बीच, पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली सर्विसेज को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, "ये केजरीवाल की विफल सरकार है। वो भ्रष्टाचार में इतना फंस गए हैं कि इस देश के इतिहास में पहली बार किसी दिन कोई निर्वाचित मुख्यमंत्री 8-10 दिनों के लिए जेल जाएगा। समस्या यह है कि इससे ज्यादा असभ्य कोई सीएम नहीं है। आप दिल्ली या एलजी में किसी से भी पूछें, कोई भी उनसे (सीएम) बात करना पसंद नहीं करता, क्योंकि वो खराब भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में ग्रुप-ए और दानिक्स कैडर के अधिकारियों के ट्रांसफर व उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश जारी कर नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथारिटी का गठन कर दिया। यह अध्यादेश ऐसे समय जारी किया गया है जब हफ्तेभर पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं (पुलिस, पब्लिक आर्डर और भूमि को छोड़कर) पर नियंत्रण दिल्ली सरकार के हवाले किया है। दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए अध्यादेश लाने की तैयारी कर रही है। अध्यादेश में कहा गया है, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और सौंपे गए कार्यों का निर्वहन करने के लिए नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथारिटी के नाम से एक प्राधिकरण होगा।ह्ल अथारिटी में दिल्ली के मुख्यमंत्री चेयरमैन के तौर पर शामिल होंगे। उनके अलावा अथारिटी में मुख्य सचिव भी शामिल होंगे। प्रधान गृह सचिव अथारिटी के सदस्य सचिव होंगे। अध्यादेश के अनुसार, ह्यअथारिटी द्वारा तय किए जाने वाले सभी मामले उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से तय किए जाएंगे। अथारिटी की सभी सिफारिशों को सदस्य सचिव द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

## पकड़ने के दौरान पांचवीं मंजिल से कूदा चोर, गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में एक चोर** पांचवीं मंजिल पर स्थित एक मकान में चोरी के लिए घुस गया। आहट पाकर मकान मालिक की नींद खुल गई। चोर ने पेचकस दिखाकर मकान मालिक को रोकने की कोशिश की। लेकिन खुद को फंसा देखकर चोर ने दूसरे मकान पर छलांग भी लगा दी। इस दौरान वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती करा कर उस पर चोरी के प्रयास का मामला भी दर्ज किया है। पेशे से टेक्नीशियन विवेक कुमार ने पुलिस को बताया कि करीब साढ़े 11 बजे वह अपने मकान में सीढ़ी का दरवाजा बंद करके कमरे में सोने चला गया। देर रात करीब तीन बजे उसे दरवाजे पर कुछ आहट सुनाई दी। लाइट जलाकर देखा तो एक युवक बरामदे से घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। पीड़ित को देखकर आरोपी ने उसे पेचकस दिखाकर डराने की कोशिश की। लेकिन पीड़ित के शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से आरोपी ने लोहे की रेलिंग से दूसरी बिल्डिंग की छत पर छलांग लगा दी। लेकिन वह दूसरी छत पर नहीं जा पाया और सीधे गली में जाकर गिरा।

# दिल्ली कांग्रेस को जल्द मिल सकता है नया अध्यक्ष

**अध्यक्ष की तलाश**

● लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक साल भी नहीं बचा है, जबकि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व एक योग्य अध्यक्ष तक तय नहीं कर पा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नया** अध्यक्ष बनने पर तो किसी भी राजनीतिक पार्टी में विरोध या बगावत के स्वर उठना स्वाभाविक है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस में नया अध्यक्ष बनने से पहले ही असहमति सामने आ रही है। आलम यह है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक साल भी नहीं बचा है, जबकि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय राजधानी के लिए एक योग्य अध्यक्ष तक तय नहीं कर पा रहा है। यूं तो मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी की स्वीकार्यता कभी नहीं रही। शुरू से ही उनका विरोध होता रहा है, पर एमसीडी चुनाव में पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद तो इनका जाना लगभग तय था। सूत्रों के मुताबिक चौधरी का इस्तीफा भी हो चुका है, लेकिन पहले भारत जोड़ो यात्रा और फिर कर्नाटक चुनाव के कारण नए अध्यक्ष का निर्णय टलता रहा।

**दौड़ में उछले ये नामः** अब जब सबकुछ निपट गया है, पार्टी नेतृत्व तब भी ऊहापोह में ही लग रहा है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि शुरू में इस पद के लिए केवल दो ही नाम- दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके अरविंदर सिंह लवली और दूसरा पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव थे। बाद में इस दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का नाम उछला, तो कुछ नेता कन्हैया कुमार की पैरवी करने लगे। इनके अलावा भी बहुत सारे नेता ऐसे हैं, जो इधर-उधर से अपने नाम की पैरवी करवा रहे हैं। हर नाम के साथ कुछ समीकरण भी बैठाए जा रहे हैं। उधर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी जातिगत और वर्ग विशेष के समीकरणों पर भी विचार कर रहे हैं।

# अमृत फार्मेसी से एम्स में मिलेंगे सस्ते आर्थोपेडिक इंप्लांट



**सस्ती दरों पर**

● सस्ती दर की दवा दुकान के पास ही काउंटर का निर्माण किया जाएगा, जहां से करीब चार-पांच माह में मरीज इंप्लांट ले सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एम्स में हड्डी की सर्जरी करवाने आ रहे** मरीजों को इंप्लांट के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं रहेगी। अमृत फार्मेसी से सस्ती दरों पर आर्थोपेडिक इम्प्लांट उपलब्ध कराने के लिए एम्स ने जगह की तलाश की है। सस्ती दर की दवा दुकान के पास ही काउंटर का निर्माण किया जाएगा, जहां से करीब चार-पांच माह में मरीज इंप्लांट ले सकेंगे। अभी एम्स में सर्जरी करवाने वाले मरीजों को महंगे दरों पर इंप्लांट खरीदने पड़ रहे हैं। इस बारे में एम्स के मीडिया प्रोटोकाल की चेयरपर्सन डॉ. रीमा दादा का कहना है कि अमृत फामेर्सी में इंप्लांट की सुविधा देने के लिए व्यवस्था की जा रही है। काउंटर का निर्माण करने के लिए जगह की पहचान कर ली गई है। उम्मीद है कि जल्द ही काउंटर को बनाकर उसमें इंप्लांट की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। काउंटर शुरू होने के बाद मरीज आसानी से इंप्लांट हासिल कर सकेंगे। बता दें कि अमृत फामेर्सी से इंप्लांट 60 फीसदी तक सस्ती दरों पर इंप्लांट की सुविधा मिल सकेगी।

**एम्स ने किया समझौताः** एम्स ने अमृत फामेर्सी स्टोर की संचालक एजेंसी एचएलएल लाइफ केयर (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत काउंटर से कृत्रिम कूल्हा, घुटना व अन्य महंगे इंम्प्लांट सस्ती दर पर उपलब्ध हो सकेंगे। यहां काउंटर शुरू करने के लिए एम्स प्रशासन ने 29 अक्टूबर को अमृत फामेर्सी के स्टोर से इंप्लांट उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

**कीमत तय करने पर चल रहा है कामः** एम्स के मीडिया प्रोटोकाल की चेयरपर्सन डॉ. रीमा दादा ने कहा कि अमृत स्टोर से इंप्लांट उपलब्ध कराने के लिए समझौते की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके अलावा कीमत तय करने काम भी चल रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद मरीजों को अमृत स्टोर से सस्ते दर पर आर्थोपेडिक इंप्लांट मिलने लगेंगे।

# 'भगवान' का चमत्कारः तीन माह के बच्चे की एक साथ हुई दोनों किडनी की सर्जरी




**डॉक्टर हैं भगवान...**

● जब बच्चे की फिर से फॉलोअप के लिए बुलाया गया तो जांच में पाया गया कि उसकी दोनों किडनी बेहतर ढंग से काम कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वसंत कुंज निवासी तीन माह के बच्चे के पेट में गांठ दिखने के बाद एम्स के डॉक्टरों ने जांच के लिए अल्ट्रासाउंड किया, तो पाया बच्चा जन्म से गुर्दे में सूजन से परेशान है। बच्चे को पेशाब करने में दिक्कत हो रही है, जो आगे चलकर दोनों किडनी को खराब कर सकता है। इससे बच्चे की मौत भी हो सकती है। ऐसे में सर्जरी ही एक विकल्प था, लेकिन बच्चे की उम्र काफी छोटी थी। मेडिकल हिस्ट्री में यह सबसे छोटा बच्चा है जिसमें एक साथ दोनों किडनी की सर्जरी करनी थी। एम्स के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विशेष जैन ने बताया कि तीन माह के बच्चे की किडनी की सर्जरी के लिए विभाग प्रमुख प्रोफेसर मीनू वाजपेयी के नेतृत्व में द्विपक्षीय लेप्रोस्कोपिक पाइलोप्लास्टी सर्जरी करने का विकल्प को चुना गया। इसके लिए बच्चे के नाभी के पास तीन एमएम के होल करके कैमरा व अन्य सर्जरी उपकरण को शरीर में डाला गया और एक-एक करके दोनों किडनी की सर्जरी की गई। इस प्रक्रिया से गुजरने वाला यह बच्चा दुनिया में सबसे कम उम्र का रोगी है। सर्जिकल टीम ने सूक्ष्म टांके और सूक्ष्म उपकरणों का उपयोग करके पेशाब की रुकी हुई नली (यूरेरोपेल्विक जंक्शन) का सावधानी से पुनर्निर्माण किया। करीब सवा दो घंटे चली सर्जरी के बाद बच्चे में तेजी से रिकवरी हुई और उसे तीन दिनों के भीतर ही छुट्टी दे दी गई। डॉ. जैन ने कहा कि सर्जरी के करीब चार माह बाद जब बच्चे की फिर से फॉलोअप के लिए बुलाया गया तो जांच में पाया गया कि उसकी दोनों किडनी बेहतर ढंग से काम कर रही है। बच्चा अब सात माह का हो चुका है और भविष्य में किडनी का रोग होने की उम्मीद नहीं दिख रही।

**क्या है लैप्रोस्कोपिक** लैप्रोस्कोपिक पाइलोप्लास्टी प्रक्रिया एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीक है। इसका उपयोग यूरेरोपेल्विक जंक्शन रुकावट (यूपीजेओ) के इलाज के लिए किया जाता है। इस स्थिति में जन्म से बच्चे मूत्र पथ बाधित होता है और गुर्दे से मूत्राशय तक मूत्र के प्रवाह में दिक्कत आती है। इस केस में बच्चे के दोनों दोनों किडनी में रुकावट थी।

**शरीर से गए सर्जरी के निशानः** डॉ. विशेष जैन ने कहा कि सर्जरी के कुछ महीनों बाद बच्चे को फॉलोअप के लिए बुलाया गया। इस दौरान जांच में कॉस्मेटिक परिणाम उत्कृष्ट पाए गए। सर्जरी के करीब तीन माह बाद निशान नहीं दिख रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 1.25 लाख के इनामी को मुठभेड़ में पकड़ा

**मथुरा।** इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश पर यूपी पुलिस की ओर से एक लाख और राजस्थान पुलिस की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त अन्तर्राज्यीय गैंग का सदस्य बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष अजय वर्मा के मुताबिक अभियुक्त रोहतास गुर्जर पुत्र भगवान सिंह निवासी परखम गुर्जर थाना जैत को मुठभेड के दौरान राल रोड पेलखू मोड नगला नेता के पास से गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल .32 बोर व 11 कारतूस .32 बोर (04 खोखा व 07 जिन्दा), एक चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर बरामद हुई है।

### चोरी के तीन ट्रैक्टर बरामद, तीन पकडे

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने तीन ट्रैक्टर चोर को तीन चोरी के ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक हरीराम पुत्र बाबू निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन, गौरव पुत्र प्रकाश निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन तथा हरिश्चंद्र पुत्र हन्नो यादव निवासी यादव मोहल्ला अडीग थाना गोवर्धन को कस्बा अडींग थाना गोवर्धन से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से ट्रैक्टर फार्मट्रेक 45 रंग नीला, ट्रैक्टर स्वराज 735 रंग नीला, ट्रैक्टर स्वराज 735 रंग नीला चेसिस, तीनों ट्रैक्टरों के कूटरचित दस्तावेज व विक्री नामा बरामद हुए हैं। इनके पास से तीनों ट्रैक्टर के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, सेल लेटर भी इनके पास से मिले हैं। अभियुक्त दाताराम पुत्र कुन्दन सिंह निवासी अडींग थाना गोवर्धन चोरी के ट्रैक्टर लाकर फर्जी रजिस्ट्रेशन, प्रमाण पत्र तैयार कराकर गांव के लोगों को सस्ते दामों पर बेचता था। दाताराम व उसके साथियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### पूर्व सैनिक आश्रित, शहीद वीर नारियां प्रशिक्षण प्राप्त करने को 25 मई तक करें आवेदन

**मथुरा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद मथुरा के समस्त पूर्व सैनिक आश्रितों ६ शहीद वीर नारियों को सूचित किया है कि निदेशालय, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व सैनिक आश्रितों ध्शहीद वीर नारियों को 480 घंटे का इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी प्रशिक्षण, 30 दिन का एसएसबी कोचिंग, 300 घंटे का कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग एवं 180 घंटे का टेली प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पूर्व सैनिक आश्रितों ६ शहीद वीरनारियाँ अपने बायोडाटा, डिस्चार्ज बुक व शिक्षा प्रमाण पत्र के साथ 25 मई तक जिला सैनिक कल्याण एवम् पुनर्वास कार्यालय मथुरा में जमा कराएं।

### चोरी की घटना का आरोपी पकडा

**मथुरा।** चोरी की घटना में बरसाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना प्रमोद पवार के मुताबिक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अनिल उर्फ भोला पुत्र भरतो उर्फ भरत सिंह निवासी डूंगर वाली गली कस्बा व थाना बरसाना शातिर अपराधी इसके पास से एक हैण्ड पर्स, मोबाइल फोन व 7000 रुपये बरामद हुए हैं। कब्जे से एक तमंचा .12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपित को राधा बाग के पास ऊंचा गांव रोड कस्बा व थाना बरसाना से गिरफ्तार किया गया।

### गुरुदेव आश्रम पर पांच दिवसीय मेला का समापन



**मथुरा।** बाई पास स्थित जयगुरुदेव आश्रम में विख्यात संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के ग्यारहवें वार्षिक भंडारा सत्संग मेला का समापन हुआ। श्रद्धालु अपने घरों को लौटने लगे हैं। पुनः आगामी एक से पांच जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पर्व पर मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रात:काल राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवात्मा के कल्याण के लिये सच्चे सत्गुरु का मिलना आवश्यक है और ये गुरु तथा इनका ज्ञान वो किसी किताब या अन्य सांसारिक जगहों पर नहीं मिल सकता। समर्थ सद्गुरु अपनी दया मेहर से जीवों पर लदे करोड़ों जन्मों के बुरे कर्मों को जला कर जीवों को भवसागर से उबार लेते हैं। संत महात्मा किसी का घर परिवार और काम धंधा नहीं छुड़वाते है। मेहनत ईमानदारी से सभी कामों को करते हुए चौबीस घण्टे में से एक घण्टा सुरत शब्द की साधना कर अपनी जीवात्मा को जगाने का काम करने के लिए कहते है।

# वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिर ने श्रद्धालुओं के पहनावे पर जारी की अपील

## वृंदावन के राधा दामोदर मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए चस्पा की नसीहत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

ब्रज में धार्मिक पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस का असर दिखने लगा है। प्रमुख आयोजनों और वीक एण्ड पर वृंदावन सहित दूसरे प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड बढ जाती है। वृंदावन में तो श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को नियमित रूप से ट्रैफिक प्लान लागू करना पडता है। दूसरी ओर धार्मिक पर्यटन की अवधारणा से




धर्म नगरी में कुछ असहजता भी बढ़ रही है। यही वजह है कि वृंदावन के प्राचीन एवं प्रसिद्ध सप्त देवालयों में से एक प्रसिद्ध मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के पहनावे के लेकर मंदिर प्रबंधन को अपील जारी करनी पडी है। प्राचीन राधा दामोदर मंदिर में श्रद्धालुओं को पोस्टर चस्पा कर मर्यादित कपड़ों में आने की हिदायत दी गई है। अपने इस निर्णय को लेकर सप्त देवालयों में से एक राधा दामोदर इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर के अंदर एवं बाहर जगह जगह पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं जिन पर श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पूर्व मर्यादित वस्त्र पहनने की हिदायत दी गई है। मंदिर प्रबंधन द्वारा जींस, टीशर्ट, स्कर्ट, मिनी जैसे अमर्यादित वस्त्र पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। मंदिर के सेवायत के अनुसार देखने में आया है कि भारतीय अध्यात्म पर पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। जिसका खामियाजा कहीं न कहीं आने वाली पीढ़ियों को चुकाना होगा। इसी कारण मंदिर प्रबंधन द्वारा लोगों को उनके परिधान एवं वेशभूषा को सुधारने की नसीहत दी गई है। इससे पूर्व उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भी इस तरह के पोस्टर लगाए जा चुके हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि अभी यह पोस्टर मात्र लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन लाने के प्रयास में लगाए गए हैं और अभी मंदिर में प्रवेश से किसी को रोका नहीं जा रहा है।

## बांके बिहारी मंदिर में महिला सुरक्षाकर्मियों में हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में आए दिनों हाथापाई की खबरें सामने आती ही रहती हैं। आए दोनों देखा जाता है, कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मी बदसलूकी और मारपीट कर देते हैं। जिसकी वीडियो कई बार सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई है। जिसको लेकर ब्रज वासियों के द्वारा हमेशा आलोचना की जाती है। मंदिर प्रबंधन की अनदेखी के चलते सुरक्षा कर्मियों का यह व्यवहार अब आम बात है। वही विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मी एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई है। जिसमें दिखाया जा रहा है, कि मंदिर में श्रद्धालुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले सुरक्षाकर्मी ही श्रद्धालुओं के सामने एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे हैं।

## मंडलायुक्त बोले प्लान बनाकर फेज में कार्य करें



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** रविवार को मंडलायुक्त आगरा अमित गुप्ता, जिलाधिकारी पुलकित खरे तथा नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन अनुनय झा ने परिक्रमा मार्ग पर राजपुर खादर में सीवर लाइन पर चल रहे कार्यों का पुनः जायजा लिया। परिक्रमा मार्ग पर राजपुर खादर के पास यूडीएसआईआईएमटी कार्यक्रम के तहत बिछाए गए सीवर के प्रतिस्थापन की परियोजना को 23 दिसम्बर .2021 को स्वीकृति दी गई थी। सीवर लाइन का प्रतिस्थापन 500 मिमी से 600 मिमी व्यास है जो 1420 मीटर में होगा तथा 40 मैनहोल बनाए जाएंगे। सीवर लाइन के कुल प्रस्तावित प्रतिस्थापन में से लगभग परिक्रमा मार्ग पर 1220 मीटर को बदला जाना है।

## अवैध खनन में लगे छह ट्रैक्टर ट्राली, एक मशीन जब्त की

**मथुरा।** अवैध खनन में लगे छह ट्रैक्टर और ट्राली को सीज किया गया है। रविवार को थाना कोसीकला और बरसाना में पुलिस ने कार्यवाही की। थाना बरसाना पुलिस ने मिट्टी के अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर, दो ट्रॉली व एक मिट्टी खोदने की मशीन को सीज कर खनन अधिनियम में कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना प्रमोद पवांर ने बताया कि रविवार को गांव डाहरौली मे मिट्टी खनन की सूचना पर यह कार्यवाही की गई। ग्राम डाहरौली से दो ट्रैक्टर स्वराज जिनमें ट्राली लगी हुई थी तथा एक ट्रैक्टर सोनालिका जिस पर नम्बर प्लेट नहीं थी को सीज किया गया है। एक मिट्टी खोदने की मशीन को भी कब्जे में लिया गया है। इस मशीन से मिट्टी खनन कर ट्रालियों में मिट्टी डाली जा रही थी।

## 'सोनीपत महिला मोर्चा को सब से मजबूत बनाएंगी'



टीम **एक्शन इंडिया/सोनीपत**

हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी सोनीपत महिला मोर्चा की बैठक में पहुंची। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कविता जैन भी मौजूद रही। महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता डांगी ने कहा की जब से सोनीपत की महिला अध्यक्ष इंदु वलेचा बनी हैं जब से सोनीपत की अनेक महिला भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रही है और उसके अंतर्गत आज भी बहुत महिलाओ ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी और मोदी सरकार को तीसरी बार लाने में महिलाओं का अहम योगदान होगा। इंदु वलेचा ने कहा की अब सोनीपत महिला मोर्चा को सब से मजबूत बनाएगी और आने वाले चुनाव 2024 मे सबसे जायदा योगदान महिलाओ का रहेगा अब उनका हर बूथ पर 100महिलाओं को जोड़ने का अभियान रहेगा। आज जिन महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करी उनमे दीपा जिंदल, हन्नी, पूजा, पिंकी शर्मा, बबली, अनु चांदना, सोनिया वर्षा तनेजा, रितु, आशा अहलावत, पूनम काजला, उषा, आदि थी।

## कांग्रेसियों ने मनाई स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, संचार क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ बाड़ा मथुरा पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर सभी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने की।

विचार गोष्ठी से पूर्व भारत रत्न




राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए, हाल में निगम चुनावों में विजयी पार्षद संतोष पाठक व चुनाव लड़े पार्षद प्रत्याशियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि वह राजीव गांधी ही थे, जो कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए हमेशा सम्मान प्रकट करते थे और कार्यकर्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते थे, जब वह मथुरा प्रवास पर आए तो स्टेशन से स्थानीय एक कॉलेज में सभा करने के लिए आधे किलोमीटर का रास्ता था उनकी गाड़ी आगे आगे चल रही

**निगम चुनावों में विजयी पार्षद संतोष पाठक व चुनाव लड़े पार्षद प्रत्याशियों का अभिनंदन और स्वागत किया गया**

थी सभी लोग उनकी गाड़ी के साथ दौड़ रहे थे, उन्होंने देखा तुरंत गाड़ी रुकवाई और सभी लोगों के साथ पैदल चलते हुए सभा स्थल तक पहुंचे।

प्रदेश सचिव विनेश सनवाल ने राजीव गांधी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रखर चतुर्वेदी ने कहा वो राजीव गांधी ही थे जिन्होंने कांग्रेस संगठन को एकजुट करते हुए नये भारत की नींव रखी। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में पूर्व जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित भाई मनोज गौड़, पूर्व जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित आशीष चतुर्वेदी, बृजेश शर्मा एडवोकेट, संजीव चतुर्वेदी, विनोद आर्य, राजकुमार प्रधान, साहब सिंह प्रधान, मुकीम कुरेशी, तपेश गौतम, मीना ठाकुर, महेंद्र प्रताप गौतम, सुशील सागर, अखलाक खान, गिरिराज सिंह छोकर, जगजीत सिंह, ठाकुर प्रिया पाल सिंह, मुकेश ठाकुर, राजू अब्बासी, अनिल, भगवानदास, रमेश, राजू, सुरेश अशोक आदि उपस्थित रहे।

## रंग ला रही शिक्षकों की दाना पानी एवं आशियाना मुहिम

**मथुरा।** पक्षियों एवं पर्यावरण बचाने एवं संरक्षण की मुहिम को लेकर शिक्षकों का एक समूह पक्षियों के लिए दाना पानी एवं आशियाना मुहिम चला रहा है। जिसमें पूरे प्रदेश से लोग जुड़ कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक कर रहे है। पक्षियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा के प्रधानाचार्य डा. अखिलेश यादव ने बताया कि वृंदावन के स्काइविंग कैफे परिक्रमा मार्ग अटल्ला चुंगी में एक आयोजन किया जा रहा है। डा. अखिलेश ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आकाश अग्रवाल एमएलसी आगरा परिक्षेत्र, अलीगढ़ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. मुकेश अग्रवाल, आगरा मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. आरपी शर्मा एवं विशिष्ट मंडलीय उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य मथुरा डा. महेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. भास्कर मिश्रा रहेंगे। पक्षियों के संरक्षण की इस मुहिम को चलाने वाले प्रदेश संचालक हरिओम सिंह ने बताया वह पिछले कई सालो से अपने जनपद कौशांबी में इस मुहिम को चला रहे थे लेकिन इसका दायरा नहीं बढ़ पा रहा था। इसलिए इस मुहिम को आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया और इस मुहिम का असर यह हुआ की आज प्रदेश के 64 जनपदों के लोग इस काम कर रहे है। जिन्हें सोमवार को होने वाले कार्यक्रम में प्रोत्साहित करने के लिए प्रणय परिंदा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा जिससे था कारवां बढ़ता जाए और पक्षियों एवं पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को धार मिल सके और यह आम जनमानस तक पहुंच सके।

## घर से लाखों रुपये की नकदी चोरी करके भागे बदमाश

**सोनीपत:** फिल्मों और कहावतों में अक्सर पुलिस के लिए एक बात दिखाई और कही जाती है कि वह क्राइम हो जाने के बाद ही पहुंचती है, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता। कभी-कभी पुलिस अपराध के वक्त ही पहुंच जाती है। ये बात और है कि अपराधी उसके हाथ न लगे। हरियाणा सरकार ने शिकायत मिलने के बाद पीड़ित के पास चंद मिनटों में पुलिस सहायता पहुंचाने के लिए डायल 112 की सुविधा शुरू की थी, लेकिन सवाल ये है कि क्या जनता को इसका कोई लाभ मिल भी रहा है या नहीं, ये सवाल सोनीपत में घर से 4 लाख ज्यादा की चोरी के मामले देखकर उठ रहा है। शहर थाना क्षेत्र की शास्त्री कॉलोनी निवासी रामफल ने पुलिस को बताया कि वह, उसकी पत्नी व बच्चे घर पर थे। वह रोजाना की तरह खाना खाकर मकान में ऊपर के कमरे मे जाकर सो गया। चार दिन पहले उसके बेटे राजेश ने उसे 4 लाख 10 हजार रुपये दिए थे। उसने अपनी चारपाई पर तकिया के नीचे कैश छुपाकर रखा था। बीती रात एक बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर सीढ़ी के सहारे मकान में घुस आया। उसके पास हथियार था। शरीर पर उसने ऊपर कुछ नहीं पहन रखा था।

## 'हरियाणा में पूर्व सीएम हुड्डा के नेतृत्व में बनेगी कांग्रेस सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत ग्रामीण हलके के गांव हड़ताड़ी में रविवार को युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सचिन कुंडू सहित पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया और मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार की पोल खोलने का काम किया। इस मौके पर सचिन कुंडू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग



हताश व परेशान है। जिससे प्रदेश से मौजूदा सरकार का अगले चुनाव में जाना तय है और जनता ने अभी से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही सभी वर्गो के हित सुरक्षित है और कांग्रेस ही गरीब, किसान व मजदूरों के हकों की आवाज उठाकर उनका भला कर सकती है। वहीं सचिन कुंडू ने कहा कि अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा जनता से जो वादें किये जा रहे है, उनको प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, बिजेंद्र पुनिया, संदीप बुड़शाम, इकराम सरपंच, पूर्व सरपंच रंजीत सिंह, रामा नंबरदार कश्यप, सुरेंद्र बबैल, लहना सिंह, सुरता सिंह, चंद्र सिंह, राजेंद्र नंबदार, बिंद्र कश्यप व रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

## शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** राजीव गांधी की पुण्य तिथि जिसे शहादत दिवस के रूप में मना देशवासी राजीव की कुबार्नी को नमन करते हैं , आज इसी शहादत दिवस के मौके पर नारनौल शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की याद में विभिन्न आयोजन संपन्न हुए। शहर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश यादव की अगुवाई में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने दोहराया कि राजीव की बदौलत ही आज देश आईटी सेक्टर में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है । अनेकों नेताओं ने अपने स्तर पर भाषण दे स्व. राजीव गांधी को



नमन किया तो कइयों ने कार्यक्रम की आड़ में अपने राजनैतिक आकाओं के लिए तारीफ के कशीदे पढ़ उनका गुणगान किया। शहर में आयोजित कार्यक्रम में प्रीतम यादव , बलवंत सिंह यादव , देवकरण चौहान, गोविंद सिंह , हरशरण सिंह , सरदार हैप्पी सिंह , अनिल यादव, रविंद्र गुप्ता , डा. राजेंद्र सैनी ,यादराम खिंची , सुमित खिंची , ब्रजमोहन सैनी , नरेंद्र श्रीवास्तव , कांता यादव , मुकेश जोशी आदि मौजूद थे। वहीं नांगल चौधरी में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजाराम गोलवा की अध्यक्षता में

**राकेश यादव की अगुवाई में राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई**

शहादत दिवस मनाते राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए । इस मौके पर ललित भड़ाना सहित चंद्रप्रकाश एडवोकेट, ऋषिराज पूर्व एमडी ,कमिश्नर होशियार सिंह, देवेंद्र चौधरी, राजकुमार , राजेंद्र सरपंच , देशराज सरपंच , जगदीश, दुलीचंद एडवोकेट, महेश बशीरपुर , सुभाष नेताजी , भीम , स्योराम, कर्मवीर , सीताराम चंदेला , खुशीराम, धोलाराम, सत्यवीर ठेकेदार ,सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## मृतक होमगार्ड के परिजनों को मिली 38 लाख रुपये की आर्थिक सहायक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में स्व. शिव कुमार की पत्नी विमलेश को एक्सिस बैंक की तरफ से दुर्घटना बीमाराशि के रूप में 30 लाख रुपए का चेक, डीडी दिया गया तथा मृतक की दोनों पुत्रियों अंजिली एवं नीतू को शिक्षा के लिए चार चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। 16 जनवरी को होमगार्ड विभाग की तरफ से आर्थिक सहायत के रूप में पांच लाख रुपये की धनराशि का चेक मृतक के आश्रितों को पूर्व में प्रदान किया



जा चुका है।

इस प्रकार दिवंगत होमगार्ड स्वर्गीय राजकुमार के आश्रितों को विभाग एवं एक्सिस बैंक के माध्यम से कुल रुपए 43 लाख की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान करायी गई है। चेक वितरण में जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, बीओ सुधीर कुमार, एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर नीरज खंडेलवाल, मेनेजर राहुल अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, सहायक मेनेजर तृप्ति तथा डिप्टी मेनेजर मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# केवल पार्कः श्री हनुमान मंदिर का हुआ भव्य शुभारंभ

= नवनिर्माण के बाद किया गया श्री हनुमान मंदिर का शुभारंभ = क्षेत्र में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा, लोगों ने किया यात्रा का भव्य स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क इलाके में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस दौरान पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन वेदी पूजन और जलधिवास, दूसरे दिन वेदी पूजन, अन्नधिवास, तीसरे दिन वेदी पूजन, धृतधिवास, ओषधियधिवास एवं शर्कराधिवास और चौथे दिन वेदी पूजन, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, मिष्ठानधिवास, वस्त्राधिवास, महास्नान, नगर परिक्रमा, प्रसाद का वितरण और पांचवे दिन देव प्राण प्रतिष्ठा, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

**क्षेत्र में निकाली गई विशाल शोभा यात्राः** श्री हनुमान मंदिर केवल पार्क से शोभा यात्रा की शुरूआत हुई और यह यात्रा क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए केवल पार्क श्री हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। इसमें केवल पार्क के लोग नाचते-गाते हुए पूरे इलाके से निकले। इस दौरान लोगों में उत्साह और श्रद्धा के भाव साफ देखे जा सकते थे।

**मंदिर में की गई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठाः** श्री हनुमान मंदिर केवल पार्क में जिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई उनमें पंच मुखी हनुमान, रामदरबार, राधा-कृष्ण, गणेश जी, संतोषी माता, शिव परिवार मुख्य है।

**पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ संपन्नः** श्री हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ और मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। साथ ही विशाल शोभा यात्रा भी निकाली गई।

**विशाल भंडारे का हुआ आयोजनः** देव प्राण प्रतिष्ठा और हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें




बहुताय की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, नेता सदन एमसीडी मुकेश गोयल, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पार्षद नेहा अग्रवाल, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, सुरेन्द्र बुद्धिराजा, समाजसेवी चन्दशेखर शर्मा, सीपी शर्मा, सुरेन्द वत्स, मोन्टी, अनुराग गर्ग, दिल्ली सरकार पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, महासचिव नीरज कपूर, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, अरविन्द मूलचंद प्रधान, नरेश गर्ग, आदर्श रसोई के प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा, गुरदयाल छाबड़ा, महावीर गर्ग, प्रिंस गुप्ता, विनोद तायल, हरीओम शर्मा, राकेश शर्मा, धर्मवीर सिसोदिया, अशोक ओके, दीपक तायल, सुनील, राजेन्द्र साहू, अमित, संजय, अरूण गर्ग, अशोक गर्ग, चौधरी रामपाल, चौधरी महिपाल, चौधरी ओम प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**पवन शर्मा, विधायक आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्रः** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।



**मंगत राम सिंघल, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकारः** आज केवल पार्क में श्री हनुमान मंदिर बनकर तैयार हुआ और कई दिनों तक यहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं।



**अखिलेश पति त्रिपाठी, विधायक मॉडल टाउन विधानसभाः** जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की महिमा का गुणगान करें।



**जय प्रकाश यादव, पूर्व विधायकः** आज बड़े ही भव्य रूप में मंदिर में कई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मैं इस कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं।



**मुकेश गोयल, नेता सदन एमसीडीः** आज बड़े ही भव्य रूप में केवल पार्क में श्री हनुमान मंदिर बनकर तैयार हुआ है। जिसके लिए मैं सभी को बधाई देता हूं।



**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद धीरपुर वार्डः** जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।



**नीलम बुद्धिराजा, पूर्व निगम पार्षदः** आज बड़े ही भव्य रूप में मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया और हवन के बाद विशाल भंडारा भी आयोजित हुआ है।



**अरविन्द मूलचंद प्रधानः** मैं इस भव्य कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं और इस प्रकार के धार्मिक आयोजन और कार्यक्रम अधिक से अधिक होने चाहिए।






**नवीन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सिविल लाईन जोनः** आज बड़े ही भव्य रूप में केवल पार्क में श्री हनुमान मंदिर बनकर तैयार हुआ है और इस दौरान पांच दिवसीय कार्यक्रम भी हुए है। इसके लिए मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।



भारतवर्ष में कम्प्यूटर व संचार क्रांति के प्रणेता, भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज व अन्य।

## पानी की समस्या से जूझ रहे है बुराड़ी क्षेत्र के लोगः खेमचंद सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि गर्मी की शुरूआत होते ही बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र की जनता को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा रहा है। कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से लोगों को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। श्री सैनी ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार व जल बोर्ड को बुराड़ी क्षेत्र में जो पानी की समस्या लोगों को हो रही है, उसका समाधान निकालना चाहिए, ताकि जनता को परेशान न होना पड़े।

एक अन्य सवाल के जवाब में श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है।



डीडी क्लब रोहिणी में एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए समाजसेवी एडवोकेट अवध नारायण साथ में संस्था के पदाधिकारी।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन दादा माई वाले मंदिर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बांकनेर स्थित प्राचीन दादा माई वाले मंदिर में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।
जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के बांकनेर स्थित प्राचीन दादा माई वाले मंदिर प्रांगण में रविवार को विशाल भंडारे व भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने आहुति डाली। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक मांगेराम अत्री द्वारा भक्तिमय भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।
क्षेत्रीय निगम पार्षद व मंदिर समिति के पूर्व प्रधान अर्जुन अवॉर्डी दिनेश भारद्वाज ने बताया कि प्राचीन दादा माई वाले मंदिर से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। वैसे तो मंदिर में साल भर भक्तों द्वारा भंडारे, हवन यज्ञ, भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। लेकिन जेठ माह के इस भंडारे का विशेष महत्व है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों लोगों ने पूरे भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुए भंडारे में देर शाम तक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोगों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। जिनमें नरेला विधायक शरद चौहान, वार्ड-2 बांकनेर से निगम पार्षद व अर्जुन अवॉर्डी दिनेश भारद्वाज, नरेला वार्ड-1 से निगम पार्षद पति कमल खत्री सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विंबलडन चैंपियन रिबाकिना ने इटैलियन ओपन जीता, पुरुष वर्ग में रूने और मेदवेदेव फाइनल में

**रोम।** एलेना रिबाकिना ने यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। विंबलडन चैंपियन रिबाकिना ने यूक्रेन की एनहेलिना कालिनिना के दूसरे सेट की शुरुआत में बाएं जांघ की चोट के कारण मुकाबले से हटने पर खिताब जीता। कालिनिना ने चोट के कारण जब मुकाबले से हटने का फैसला किया उस समय रिबाकिना 6-4, 1-0 से आगे चल रही थीं। पुरुष वर्ग के फाइनल में होल्गर रूने का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। बीस साल के रूने ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कास्पर रूड को सेमीफाइनल में 6-7 (2), 6-4, 6-2 से हराया जबकि मेदवेदेव ने स्टीफानोस सितसिपास को 7-5, 7-5 से शिकस्त दी। मुकाबले वर्षा से प्रभावित रहे।

## शारजाह मास्टर्स शतरंज - सुलेमानली को मात देकर निहाल सयुंक्त बढ़त में शामिल

**शारजाह।** शतरंज इतिहास के सबसे मजबूत ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट शारजाह मास्टर्स के तीसरे राउंड में सबकी नजरे भारत के आर प्रज्ञानन्दा और विश्व महिला शतरंज चैम्पियन जू वेंजून के बीच होने वाले मुकाबले में लगी थी , शानदार लय में नजर आ रही वेंजून नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए ओपन केटलन ओपनिंग में बेहद सधी हुई शुरुआत की और बेहद



मजबूत खेल दिखाते हुए उन्होने 41 चालों में बाजी ड्रॉ करा ली । तीसरे राउंड में शीर्ष सभी 10 बोर्ड में कोई परिणाम नहीं निकला और अगला परिणाम आया बोर्ड नंबर 11 से जहां ईरान के अमीन तबातबाई नें भारत के एसपी सेथुरमन को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । 12वे बोर्ड पर भारत के निहाल सरीन नें सफ़ेद मोहोरो से इटेलिअन ओपनिंग में 39 चालों में शानदार जीत दर्ज करते हुए 2.5 अंक बनाते हुए सयुंक्त बढ़त में शामिल हो गए । भारत के अन्य प्रमुख मुकाबलों मे डी गुकेश नें हमवतन एसएल नारायनन से , अर्जुन एरिगासी नें चेक गणराज्य के नुज्रेन थाई डान वान से और अरविंद चितांबरम नें रूस के अलेक्जेंडर प्रेड्के से मुकाबला ड्रॉ खेला ।

## कृणाल बोले - किसी भी परिस्थिति में अपने नाम कर लेंगे मैच

**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को बेहद ही रोमांचक मैच में एक रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाले लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान कृणाल पंड्या ने कहा कि उनकी टीम में किसी भी परिस्थिति से जीत दर्ज करने का आत्मविश्वास है। मैच के बाद पुरस्कार समारोह कृणाल ने कहा, '' इस जीत से बहुत खुश हू। हमने कभी हार नहीं मानी थी। एक समय वे एक विकेट पर 61 रन के साथ अच्छी स्थिति में थे लेकिन हमें पता था कि दो-तीन कड़े ओवरों से मैच का रूख बदल सकता है। इस पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी।



रिंकू सिंह की आक्रामक पारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''इस सत्र में रिंकू विशेष खिलाड़ी रहे है। आप उन्हें हल्के में नहीं ले सकते है। वह बहुत खास बल्लेबाज है। हम आखिरी ओवरों में एक बार में एक गेंद की बारे में सोच रहे थे।

लखनऊ को पिछले मैच में आखिरी ओवर में मोहसिन खान ने यादगार जीत दिलाई थी लेकिन कृणाल ने इस बार यश ठाकुर पर भरोसा किया। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''मोहसिन पिछले मैच में बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी। मैंने अपनी अंतरआत्मा की आवाज सुनी और मोहसिन की जगह यश को गेंद थी। यश ने अपने शुरुआती दो ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की थी।

## एक बार फिर गंभीर के सामने लगे 'कोहली-कोहली' के नारे, गुस्से में पूर्व क्रिकेटर ने दिया ऐसा रिएक्शन

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली और लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर के बीच हुआ विवाद अभी भी ठंडा नहीं हुआ है। हालांकि, इन दोनों क्रिकेटरों ने अब पिछले कुछ दिनों से एक-दूसरे पर निशाना नहीं साधा है, लेकिन इन दोनों क्रिकेटरों के फैंस आपस में अभी भी सोशल मीडिया के जरिए इस विवाद पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं इस विवाद के बाद कोहली फैंस कई बार लखनऊ के मैचों के दौरान गौतम



गंभीर के सामने कोहली-कोहली के नारे लगाते हुए गंभीर को चिढ़ाते हुए नजर आए हैं। हाल ही का मामला जब एक बार फिर गंभीर के सामने फैंस ने कोहली का नाम पुकारा है।

लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के दौरान एक बार फिर गौतम गंभीर को कोहली फैंस के गुस्से का शिकार होना पड़ा। इस मैच के दौरान गौतम गंभीर जब ड्रेसिंग रूम की तरफ जा रहे थे तो फैंस ने उन्हें अपने करीब आता देख 'कोहली-कोहली' के नारे लगाने शुरू कर दिए। गंभीर भी कोहली फैंस की इस हरकत पर चुप नहीं रह पाए और उन्होंने हाथ से इशारा करते हुए कहा, आप चिल्लाते रहो।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 3-2 से हराया, तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की ली बढ़त

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम को 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए टाटम स्टीवर्ट (12वें और 45वें मिनट) ने दो और पिप्पा मोर्गन (38वें) ने एक गोल किया। भारत के लिए संगीता कुमारी (13वें) और गुरजीत कौर (17वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ ही विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। आठवें स्थान पर काबिज भारत इससे पहले गुरुवार को मेट स्टेडियम में श्रृंखला के पहले मैच में 2-4 से हार गया था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच यहां खेला जाएगा। भारत ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से भी खेलेगा।



## कोलकाता को हराकर लखनऊ प्लेऑफ में, 1 रन से जीता मैच

**नई दिल्ली।** इडन गार्डन के मैदान पर आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स ने विजय पताका फहराते हुए आईपीएल के लगातार दूसरे सीजन में प्लेऑफ में जगह बना ली। कोलकाता के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ने 1 रन से जीत दर्ज की। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले खेलते हुए निकोलस पूरन की बढ़िया पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 158 रन बनाए थे। जवाब में बढ़िया शुरुआत के बावजूद कोलकाता का मध्यक्रम बिखर गया। रिंकू सिंह ने ताबड़तोड़ शॉट लगाकर अर्धशतक पूरा किया। अखिरी ओवर में 21 रन जीत के लिए चाहिए थे लेकिन रिंकू 19 रन ही बना पाए।

**प्वाइंट टेबल की स्थिति**

इस जीत के साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ में पहुंच गई है। अब प्लेऑफ में गुजरात के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ आ गई हैं। अब चौथे स्थान के लिए आरसीबी और मुंबई के बीच जंग होने की संभावना है। दोनों टीमों ने अगर अपना-अपना आखिरी लीग मुकाबला जीत लिया तो नेट रन रेट पर सबकी नजर जाएगी। ऐसे में दोनों टीमें एकतरफा मुकाबला जीतना चाहेंगी।




**लखनऊ की शुरुआत खराब रही**

इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत फिर से खराब रही। ओपनिंग पर आए कर्ण शर्मा 3 रन बनाकर आउट हो गए। डिकॉक ने प्रेरक मांकड़ के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन तभी वैभव अरोड़ा ने स्ट्राइक कर दी। वैभव ने पहले 26 रन बना चुके प्रेरक तो उसकी ओवर में मार्कोस स्टोइनिस को शून्य पर आउट कर दिया। कप्तान कृणाल पांड्या पर नजरें थीं लेकिन वह आठ गेंदों पर 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**पूरन ने बनाए 30 गेंदों में 58 रन**

इसी बीच डिकॉक भी चक्रवर्ती की एक बेहतरीन गेंद पर रसेल के हाथों लपके गए। डिकॉक ने 27 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। मध्यक्रम बल्लेबाज आयुष बदोनी ने टीम को राहत देते हुए 21 गेंदों में 25 रन बनाए। लखनऊ को निकोलस पूरन का पूरा साथ मिला। पूरन एक बार फिर से रंग में दिखे। उन्होंने 30 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। अंत में गौथम ने कुछ अच्छे शॉट लगाकर स्कोर 176 तक पहुंचा दिया।

**रॉय ने दी कोलकाता को तेज शुरूआत**

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता को जेसन रॉय और वेंकटेश अय्यर ने तेजतर्रार शुरुआत दी थी। वेंकटेश ने जहां 15 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्कों की मदद से 24 रन बनाए तो वहीं, रॉय ने करुणाल पांड्या की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 28 गेंदों में 7 चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाए। कप्तान नितिश राणा कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। वह 8 रन बनाकर बिश्नोई की गेंद पर करुणाल को कैच थमा बैठे। रहमानउल्लाह गुरबाज भी 15 गेंदों में 10 रन बनाकर चलते बने। रिंकू सिंह ने एक छोर संभालकर रन बनाने जारी रखे लेकिन इसी बीच आंद्रे रसेल महज 7 रन बनाकर आऊट हो गए।

**रिंकू का अर्धशतक टीम को बचा नहीं पाया**

रिंकू ने हार नहीं मानी और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। शार्दुल ठाकुर 3, सुनील नेरेन 1 रन बनाकर उनका साथ छोड़ गए लेकिन 19वें ओवर में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं। आखिरी ओवर में कोलकाता को 21 रनों की जरूरत थी। लेकिन रिंकू टीम को बड़ी हिट लगाने के बावजूद जीत नहीं दिला पाए। रिंकू ने 33 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए।

## मेरे नाम से चमत्कारिक सफलता नहीं मिलेगी : लारा

**मुंबई ।** पूर्व महान बल्लेबाज और सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और सिर्फ उनका नाम जुड़ना चमत्कारिक प्रदर्शन की गारंटी नहीं है। आईपीएल का खिताब 2016 में जीतने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 2021 में आखिरी (आठवें) स्थान पर रही थी। पिछले साल 10 टीमों की तालिका में हैदराबाद 8वें स्थान पर था। इस बार भी टीम आखिरी दो स्थान पर रहना तय है। टीम रविवार को सत्र के अपने आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस का सामना करेगी।

लारा ने मैच पूर्व संध्या पर कहा कि यह बहुत ज्यादा अपेक्षा रखने के बारे में नहीं है। आपके पास आईपीएल जीतने वाली टीमें, तालिका में आखिरी और बीच में रहने वाली टीमें है। यह एक प्रक्रिया है जिसे आपको अपनाना होता है और हमारी टीम पिछले कुछ वर्षों से उम्मीदों पर खरा नहीं



उतर रही है। इस महान खिलाड़ी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मेरा नाम चमत्कारिक रूप से सफलता लाने वाला था। इसके लिए पेशेवर रूप से काम करना पड़ता है, बड़ा नाम होना सफलता की गारंटी नहीं है। मैंने पहले भी कहा है कि मेरे लिए यह पहला अनुभव है। यह मेरे लिए सीखने का एक अद्भुत अनुभव रहा है और कुछ ऐसा है जिसे मैं आगे बढ़ाना चाहूंगा। लारा ने टीम के दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडेन मार्करम का समर्थन किया करते हुए कहा कि टीम सत्र के अंत में हर चीज की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि हम दोनों (कप्तान और कोच) इस मामले में नए है। मुझे लगा की नेतृत्व के मामले में हम मैदान पर और मैदान के बाहर इकाई के रूप में सीख रहे हैं।

## दिल्ली के कोच बोले- अगले साल भारतीय खिलाड़ियों पर अतिरिक्त मेहनत करनी होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में 14 मैचों में महज दस अंक लेकर नौवें स्थान पर रही दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आम्रे ने स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार की काफी गुंजाइश है और अगली बार भारतीय खिलाड़ियों पर अतिरिक्त मेहनत करके टीम उतरेगी। चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों आखिरी लीग मैच में 77 रन से हारने के बाद दिल्ली ने इस सत्र से निराशाजनक विदा ली। मैच के बाद आम्रे ने कहा कि निश्चित तौर पर हम आत्ममंथन करेंगे और अपनी कमियों पर काम करके अगले साल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। हमने कोशिश की कि उपलब्ध खिलाड़ियों में से हर किसी को मौका मिले लेकिन 14 मैचों में सिर्फ दो खिलाड़ियों (फिल साल्ट और रिली रोसेयू) को मैच आफ द मैच मिला। भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि हमने सितंबर में भी शिविर लगाया था और एक शिविर कोलकाता में भी लगा। असल चुनौती उनकी उपलब्धता की है लेकिन जो भी विंडो मिली,



हमने उन पर काम करने की कोशिश की। अब अगली बार कोचों को उनके प्रदेशों में ही भेजकर काम किया जाएगा ताकि तैयारी बेहतर रहे। चेन्नई के खिलाफ मैच के बारे में उन्होंने कहा कि कोटला की पिच पर 200 से अधिक के स्कोर की उन्होंने उम्मीद नहीं की थी।

उन्होंने कहा कि हमें नहीं लगा था कि आज 200 से अधिक का स्कोर बनेगा। हमें लगा कि 180 के आसपास स्कोर होगा लेकिन चेन्नई के बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाता है जिन्होंने बड़ी पारियां खेली। उनके पास काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं। वहीं, प्लेआफ में पहुंची चेन्नई के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से ही उतरी थी। इस जीत के बाद चेन्नई के 14 मैचों में 17 अंक है और नेट रनरेट भी काफी बेहतर हो गया है जिससे उसके दूसरे स्थान पर रहने की प्रबल संभावना है। फ्लेमिंग ने कहा कि प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी है। कुछ मैचों में हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन आज हमारे जेहन में बड़े अंतर से जीत दर्ज करना था और टीम ने रणनीति पर अमल किया। सिर्फ 52 गेंद में 87 रन बनाने वाले डेवोन कोंवे और 50 गेंद में 79 रन बनाने वाले रुतुराज गायकवाड़ की भी उन्होंने तारीफ की।

## आईपीएल : सीएसके ने प्लेऑफ के लिए किया क्वालीफाई, वार्नर का संघर्ष बेकार

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने दिल्ली कैपिटल्स को 77 रनों से हराकर प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। गुजरात टाइटंस के बाद सीएसके प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। सीएसके अंकतालिका में 17 अंकों का साथ दूसरे नंबर पर है। इस मैच में सीएसके ने रुतुराज गायकवाड़ (79) और डेवोन कॉनवे (87) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 223 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम के लिए केवल कप्तान डेविड वार्नर ही एक छोर से संघर्ष करते रहे। उन्हें दूसरे छोर से कोई सहायता नहीं मिली नतीजन दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। वार्नर ने 58 गेंदों में 7 चौके और 5 छक्कों की बदौलत 86 रन बनाए। वार्नर के अलावा कोई भी बल्लेबाज



टिककर नहीं खेल सका।

सीएसके की तरफ से दीपक चाहर ने तीन, महेश तीक्ष्णा और मथीसा पथिराना ने 2-2 व रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले इस मैच में सीएसके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सीएसके को एकबार फिर रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे ने शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 141 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को चेतन सकारिया ने गायकवाड़ को आउट कर तोड़ा। गायकवाड़ ने 50 गेंदों पर 7 छक्के और तीन चौके की बदौलत 79 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे शिवम दुबे ने 9 गेंदों में 22 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली इस दौरान उन्होंने 3 छक्के लगाए। दुबे को खलील अहमद ने आउट किया।

19वें ओवर में 195 के कुल स्कोर पर कॉनवे एनरिक नार्टजे का शिकार बने।कॉनवे ने 52 गेंदों का सामना किया और 87 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 11 चौके लगाए। अंत में रवीन्द्र जडेजा ने 7 गेंदों में 20 रन की धमाकेदार पारी खेली। वह एमएस धोनी (नाबाद 5) के साथ नाबाद लौटे। दिल्ली की तरफ से चेतन सकारिया, खलील अहमद और एनरिक नार्टजे ने 1-1 विकेट लिया।

## फार्मूला 1 ड्राइवर युकी सूनोदा ने इटली की बाढ़ ग्रस्त इलाकों में की सफाई

**इटली ।** फार्मूला 1 ड्राइवर युकी सूनोदा इटली में विनाशकारी बाढ़ के बीच राहत कार्यों में लगे हुए हैं, जिसकी जमकर प्रशंसा हो रही है। इटली में भारी बारिश के बाद कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है और हजारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।इस सप्ताह के अंत में एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्रिक्स भी इसी कारण रद्द कर दी गई थी। लेकिन जापानी स्टार राहत प्रयासों में अपना योगदान देने से पीछे नहीं हटे। अल्फा टॉरी ड्राइवर युकी को क्षेत्र में बाढ़ के कारण फैली गंदगी को साफ करते हुए देखा गया। 23 वर्षीय युकी और उनकी टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दुकानों से गंदा पानी और मिट्टी निकाली। बता दें कि अल्फा टॉरी का मुख्यालय फेंजा में स्थित है,



जोकि उत्तरी इटली के बाढ़ से प्रभावित शहरों में से एक है। इस हफ्ते की शुरुआत में जापानी रेसर ने ट्विटर पर अपने फॉलोअर्स से अपील की कि वे जितनी भी मदद कर सकते हैं करें। उन्होंने लिखा था- एक भयानक रात के बाद शहर बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। धूल, मिट्टी और हर जगह गैसोलीन की गंध है।

वर्तमान में लोग भोजन खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और विशेष रूप से रहने के लिए जगह के बाद कई लोगों को अपने घरों से निकाल दिया गया है। कृपया मदद के लिए आप जो कुछ भी कर सकते हैं करें। वहीं, फार्मूला 1 फैंस ने जागरूकता बढ़ाने और बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के युकी के प्रयासों को सराहा।

## वॉर्नर ने जडेजा को उनका ही 'तलवारबाजी' सेलिब्रेशन करके चिढ़ाया, देखकर निकली सभी की हंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 67वें मैच में चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को 77 रनों से मात देकर टॉप-4 यानी प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी थी और उसे जीत-हार से कोई फर्क नहीं पड़ा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपने ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच का खूब लुत्फ उठाया। उन्होंने 86 रनों की पारी खेलते हुए, इस मैच में पूरी तरह मस्ती भी की और वह विरोधी टीम के खिलाड़ी रविंद्र जडेजा के साथ मैच दौरान मस्ती करते हुए भी नजर आए।

चेन्नई द्वारा दिए गए 224 रनों के लक्ष्य का जब दिल्ली टीम पीछा कर रही थी, तो दिल्ली के कप्तान वॉर्नर मस्ती करते हुए नजर आए। दरअसल, पांचवे ओवर में बल्लेबाजी के दौरान वॉर्नर ने 1 रन भागा, जिसपर मोईन अली ने वॉर्नर को आउट करना चाहा लेकिन वॉर्नर क्रीज के अंदर पहुंच गए और गेंद अजिंक्य रहाणे के हाथों में गई। इसके बाद वॉर्नर मजाक करते हुए क्रीज से बाहर निकले और ऐसा दर्शाने लगे कि वह दूसरे रन के लिए भी जाएंगे। वॉर्नर को क्रीज से बाहर देख रहाणे ने थ्रो मारी और वॉर्नर फिर से क्रीज में लौट गए और अब गेंद रविंद्र जडेजा के हाथों मे गई। इसके बाद वॉर्नर फिर से क्रीज के बाहर निकलकर खड़े हो गए और अब जडेजा ने थ्रो मारना ही था कि वॉर्नर उन्हें उनके ही तलवारबाजी सेलिब्रेशन करके चिढ़ाने लगे।

**ऐसा रहा मैच**

डेवोन कोंवे और रुतुराज गायकवाड़ की शतकीय साझेदारी के बाद दीपक चाहर के तीन विकेट की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के अपने आखिरी लीग मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 77 रन से हराकर प्लेआफ के लिये क्वालीफाई कर लिया । महेंद्र सिंह धोनी के आखिरी आईपीएल की अटकलों के बीच उनके प्रशंसकों ने राहत की सांस ली कि अब वे उन्हें प्लेआफ में भी खेलते देख सकेंगे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो उनके सलामी बल्लेबाजों ने सही साबित कर दिखाया । गायकवाड़ और कोंवे के बीच पहले विकेट के लिये 87 गेंद में 141 रन की साझेदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने तीन विकेट पर 223 रन बनाये । जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी ।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


# सीएम योगी ने सुनीं जनसमस्याएं

## अपने माताओं के साथ वहां पहुंचे बच्चों को दुलारा और चॉकलेट देकर पुचकारते हुए खूब पढ़ने-लिखने और आगे बढ़ने की सीख दी

**जनसुनवाई**

**जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को सुना। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया और अधिकारियों को हिदायतें दी**



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को सुना। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया और अधिकारियों को हिदायतें दी। अपने माताओं के साथ वहां पहुंचे बच्चों को दुलारा और चॉकलेट देकर पुचकारते हुए खूब पढ़ने-लिखने और आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान योगी आदित्यनाथ एक एक फरियादी के पास खुद पहुंचे और उनके हाथों से शिकायती पत्रों को लिया। ध्यान से पढ़ते हुए शिकायत करने वालों से समस्या से जुड़े सवाल भी किये। सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को शिकायती पत्रों के शीघ्र और न्यायपरक निस्तारण का आदेश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि पीड़ितों की मदद में तत्पर रहें और जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में कोताही न करें। यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाएं और समस्या का निराकरण करें। चेतावनी देते हुआ कहा कि यदि जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 200 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी।

**योगी ने की नौ नव निर्मित मंदिरों में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थापित नौ देव मंदिरों के देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की।

## 'शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है योगाभ्यास'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने रविवार को आईआईएम रोड स्थित श्री राम चंद्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट में नवीनीकृत हार्टफुलनेस मेडिटेशन हॉल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने योग महोत्सव में भाग लेने वाले स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग हमारे ऋषियों द्वारा मानवता को मिला ऐसा अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व ने योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

इस दिन पूरे विश्व में लोग योग अभ्यास करते हैं। राज योग के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि राज योग के बहुत से स्वरूप हैं। राज योग का अर्थ शरीर के अंग से है। ध्यान केन्द्रित और प्रणायाम के माध्यम से हम अपने दिमाग को नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग: कर्मसु कौशलम् अर्थात योग से हमें कर्मों में कुशलता आती है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास कार्यों की दी सौगात



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम पंचायत सांकरा में कुल 443 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के 88 कार्यो का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इसमें 68 करोड़ 26 लाख 79 हजार रुपये के 17 कार्यो का लोकार्पण तथा 374 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपये के 71 कार्यो का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल जिन नये कार्यो का लोकार्पण किया, उनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 4 करोड़ 38 लाख 34 हजार रुपये के 13 सड़क नवीकरण कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत 60 लाख 70 हजार रुपये के सीसी सड़क सह नाली निर्माण पंहडोर, एक करोड़ तीन लाख 19 हजार के सीसी सड़क सह नाली निर्माण रानीतराई, 60 लाख 70 हजार रुपये के सीसी सड़क सह नाली निर्माण करसा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत एक करोड़ 18 लाख रुपये के ग्लेजिंग यूनिट (माटी कला सेंटर) निर्माण सोनपुर, 30 लाख रुपये के सतनामी समाज हेतु सभागार निर्माण जामगांव(आर), 30 लाख रुपये के सतनामी समाज हेतु सभागार निर्माण सेलूद, 7 लाख 63 हजार रुपये के शासकीय नवीन हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण खुडमुडी एवं 25 लाख रुपये के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल है। 2 करोड़ 95 लाख के पंहदा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य एवं नहर लाइनिंग कार्य, 7 करोड़ 84 लाख रुपये के मगरगट्टा कापसी सांकरा माईनर का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, 9 करोड़ 76 लाख 42 हजार रुपये के निपानी एनीकट निर्माण कार्य होगा।

एक करोड़ 2 लाख 69 हजार रुपये के कसही स्टापडेम निर्माण कार्य एवं एक करोड़ 71 लाख 12 हजार रुपये के ग्राम कुमीर्गुण्डरा के पास स्टापडेम निर्माण कार्य शामिल है मुख्यमंत्री जिन नये कार्यो का भूमिपूजन किया।

**न्यूज फ्लैश**

## 23 मई से पर्वतीय क्षेत्रों फिर बदलेगा मौसम

**देहरादून:** राज्य में दो दिन बाद फिर से पर्वतीय क्षेत्रों फिर मौसम के बदलने की संभावना जताई गई है। इसके लिए मौसम विभाग ने बाकायदा अलर्ट भी जारी कर दिया है। विभाग ने 23 से लेकर 25 मई तक के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की से हल्की बारिश, ओलावृष्टि और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावनाएं जताई हैं। हालांकि शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। रविवार सुबह से देहरादून में हल्के बादलों के बीच राज्य के अधिकांश इलाकों में चटक धूप खिली रही। आज मौसम के सामान्य रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक बार फिर से 23 मई से मौसम करवट बदल सकता है। 22 मई को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जनपदों और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। 23 मई को राज्य के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश,गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। 24 और 25 मई को राज्य के अधिकांश जनपदों के स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

## फिर हुई गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़, एक घायल

**हरिद्वार:** धर्मनगरी में पुलिस द्वारा गौ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की देर रात थाना पथरी क्षेत्र के कासमपुर बुड्ढाहेड़ी के खेतों में पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। थाना पथरी क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में घायल बदमाश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जबकि एक बदमाश की तलाश में कांबिंग चल रही है। जिलेभर में पुलिस ने जनपद की सीमा से लेकर सभी मुख्य मार्गों पर चेकिंग कर वाहनों को खंगाला। बीते शनिवार की मध्य रात्रि को पथरी थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि जंगल के अंदर गौकशी की तैयारी चल रही है। पुलिस और सीआईयू की टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की।

# 'पीएम के नौ वर्षों के कार्य से हर नागरिक गौरवन्वित'



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर**
**देश के प्र**धानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में बैठक कर रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री व कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रभारी प्रियंका सिंह रावत उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं को हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में मिली सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संगठन की ओर से 30 मई से 30 जून के मध्य लोकसभा व विधानसभा स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई गई है। सभी कार्यक्रमों को पूर्व की भांति सकुशल सम्पन्न कराना है। बैठक में मौजूद केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने नवनिर्वाचित पार्टी के नगर निकाय अध्यक्षों को बधाई दी और उन्होंने निकाय चुनाव में मिली सफलता का श्रेय पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं को देते हुए कहा कि आज हमारे देश को विश्व पटल में सम्पन्न देश के रूप में देखा जा रहा है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वह संकल्प है, जिसमें उन्होंने नौ वर्षों में वह कार्य किया है, जिससे देश का एक-एक नागरिक आज अपने को गौरवन्वित महसूस कर रहा है।जिला प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू की ओर से उपस्थित लोगों को आगामी अभियानों में अपने अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निभाने की बात कही गई।

**तैयारी**

**30 मई से 30 जून के मध्य लोकसभा व विधानसभा स्तर पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई गई है**

# विनाशकारी साबित होगी जातीय जनगणना

## भेदभाव मुक्त सामाजिक एवं जातीय संरचना ही सनातन संस्कृति की पहचान



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ जातिवादी नेता जातीय जनगणना को लेकर लगातार मुखर हैं। ऐसे नेताओं के खिलाफ काशी से आवाज उठने लगी है। समाज के बुद्धजीवी,सामाजिक कार्यकताओं ने दो टूक कहा कि ऐसे नेता समाज में नफरत फैलाने और देश को तोड़ने का कुचक्र रच रहे हैं। जातीय जनगणना देश के लिए विनाशकारी साबित होगी। रविवार को लमही स्थित सुभाष भवन में विशाल भारत संस्थान की ओर से आयोजित भेदभाव मुक्त सामाजिक एवं जाति संरचना विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी कीमत पर जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि डोमराज ओम चौधरी ने कहा कि मेरी समझ में आज तक यह बात नहीं आई कि जब प्रभु श्री राम ने कोई भेदभाव न करते हुए सबको एक समान समझते हुए सबका कल्याण किया। तो उन्हीं प्रभु श्री राम के अनुयाई होते हुए हमने भेदभाव करना कहां से सीख लिया। डोमराज ओम चौधरी ने विषय का उल्लेख कर कहा कि मैं चूंकि खुद दलित समाज से हूं तो इस चीज को मैंने बहुत करीब से महसूस किया है और कर रहा हूं। ये अलग बात है कि डोम राज परिवार से होने के नाते मणिकर्णिका घाट और उसके आस पास के इलाकों में मुझे इस भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ता, क्योंकि वहां लोगों की भावनाएं धार्मिक आस्था से जुड़ी होती है। गोष्ठी में विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजीव ने कहा कि देश को तोड़ने और जातियों में विभाजित करने की किसी भी मंशा को सफल नहीं होने देना है।

## माहरा ने बाघिन मामले पर सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जिम कार्बेट पार्क में बाघिन की मौत मामले में भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने यहां एक जारी बयान में जिम कार्बेट पार्क में भूख से मरी बाघिन और राजाजी नेशनल पार्क में बाघिन के मामलों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देहरादून के राजकीय दून चिकित्सालय के शौचालय में महिला प्रसव मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेशभर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर सरकार के विकास कार्यों का ढिंढोरा पीट रही है।

## 'भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने वाली सोच रखते थे राजीव गांधी'

**टीम एक्शन इंडिया/भदोही**
दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की रविवार 21 मई को पुण्यतिथि मनाई गई। जिला जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जिलाध्यक्ष ने उनके जीवन पर अपनी बात रखते हुए कहा कि राजीव गांधी देश में संचार क्रांति के जनक रहे। वह भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने वाली सोच रखते थे।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

**शिकंजा** अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने का पुलिस ने इन फर्जी पत्रकारों की तलाश शुरू की

# सिंचाई अधिकारी से रंगदारी मांगने वाले कथित तीन पत्रकार गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
**हल्द्वानी में** सिंचाई विभाग के अवर अभियंता से रंगदारी मांगने के मामले में हल्द्वानी पुलिस ने कथित तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया है जबकि उनकी एक महिला साथी फरार चल रही है। गिरफ्तार किए गए तीनों पत्रकारों को जेल भेज दिया गया है। सिंचाई अधिकारी से इन लोगों ने एक लाख की रंगदारी मांगी थी। अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने का पुलिस ने इन फर्जी पत्रकारों की तलाश शुरू की। एसपी सिटी जगदीश चंद्र मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत दिवस सिंचाई विभाग के प्रधान कार्यालय में मुख्य अभियंता पद पर तैनात उमेश चंद्र कोठारी ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि गुरुवार को एक महिला सहित चार लोग उनके कार्यालय पहुंचे। सभी ने स्वयं को पुलिस की विजिलेंस शाखा का अधिकारी बताया और विजिलेंस का आईकार्ड दिखाया। इसमें से वे एक आरोपित के साथ बाइक से एटीएम पहुंचे और 70 हजार रुपये निकाले। एक दोस्त से बाकी की रकम 20 हजार रुपये उधार मांगे और 10 हजार रुपये मिलाकर आरोपितों को एक लाख रुपये की रकम दी। इसके बाद वे सभी फरार हो गए। सिंचाई अधिकारी ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी ने मामला दर्ज करने बाद रंगदारी मांगने वालों की तलाश शुरू की, जिसमें से उन्हें दबोच लिया गया।

**खुलासा**

**गिरफ्तार किए गए तीनों पत्रकारों को जेल भेज दिया गया है। सिंचाई अधिकारी से इन लोगों ने एक लाख की रंगदारी मांगी थी।**

